संसेक्स 70,700.67 ▲ -359.64
डॉलर 83.124 ▼ -0.018

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 08.0 | 13.0 |
| धनबाद | 23.0 | 10.0 | 15.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 18.0 | 21.0 |
| पलामू | 23.0 | 08.0 | 13.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 28 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 102, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित ...8 डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा ... 06 लोहरदगा




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# जेपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा का विज्ञापन जारी, उम्र सीमा में सात साल की छूट

## ❍ सीएम और जेपीएससी की तस्वीर लगाएं, ❍ कुल 342 पदों पर होगी नियुक्ति, 207 पद राज्य प्रशासनिक सेवा में उप समाहर्ता के

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस परीक्षा का विज्ञापन शनिवार को जारी कर दिया। इसके जरिए विभिन्न सेवाओं में कुल 342 पदों पर नियुक्ति होगी। सबसे अधिक 207 पद राज्य प्रशासनिक सेवा में उप समाहर्ता के लिए हैं। राज्य पुलिस में डीएसपी के 35 और सेल्स टैक्स विभाग में राज्य कर पदाधिकारी के 56 पद हैं। आयोग के अनुसार इसकी प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च को संभावित है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 फरवरी से 29 फरवरी तक भरे जायेंगे। खास बात यह है कि इस परीक्षा






में अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में सात साल की छूट दी गई है। न्यूनतम आयु सीमा 21 साल और अधिकतम आयु सीमा 35 साल निर्धारित की गई है। अधिकतम उम्र की गणना एक अगस्त 2017 और न्यूनतम उम्र की गणना एक अगस्त 2024 से की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अवसर की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। अभ्यर्थियों का अंतिम चयन, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर तैयार होने वाली मेरिट लिस्ट के अनुसार होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल होने के लिए मुख्य परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक लाना जरूरी होगा। एससी, एसटी और महिलाओं के लिए न्यूनतम अंक की अनिवार्यता 32 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 34 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5 प्रतिशत, आदिम जनजाति के लिए 30 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर के लिए 40 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

- ❖ **डीएसपी के 35 और सेल्स टैक्स विभाग में राज्य कर पदाधिकारी के 56 पद**
- ❖ **ऑनलाइन आवेदन एक से 29 फरवरी तक भरे जायेंगे, पीटी 17 मार्च को संभावित**
- ❖ **अंतिम चयन, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट से होगा**

इससे पहले प्रारंभिक परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए चयन सूची तैयार की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल पदों के 15 गुना अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया जाएगा। यदि किसी भी आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व उस श्रेणी की विज्ञापित रिक्तियों से 15 गुना से कम है तो कट ऑफ पर्याप्त प्रतिनिधित्व होने तक इसे कम किया जाएगा। वैसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित श्रेणी के कट ऑफ के बराबर अंक प्राप्त होंगे, उन्हें मुख्य परीक्षा में प्रवेश हेतु चयन सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,160

चांदी (किलो) 71,870

## एक नजर

### राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को समन, दिल्ली कोर्ट में 9 फरवरी को पेशी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में राजनीतिक संग्राम के बीच लालू फैमिली की मुश्किलें बढ़ गई है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनसे दो-दो हाथ करने की तमाम तैयारी कर चुके हैं तो दूसरी तरफ घोटाला केस में परिवार के कई सदस्यों को समन भेजा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राबड़ी देवी, हेमा यादव, मीसा भारती, अमित काटयाल, हृदयनंद चौधरी और अन्य को 9 फरवरी को कोर्ट में पेश होने को कहा है। जमीन के बदले जॉब केस में लालू यादव और बेटे तेजस्वी यादव को प्रवर्तन निदेशालय ने भी समन कर रखा है। बताया जा रहा है कि लालू यादव को 29 जनवरी और तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को एजेंसी की पटना ऑफिस में पेश होना है। ईडी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक आरोप पत्र भी दायर किया है, लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी और दो बेटियों मीसा और हेमा को भी आरोपी बनाया गया है।

## ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन, कहा-

# या तो आप आइए या हम आएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर 10वां समन भेजा है। ईडी ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक का समय दिया है। ईडी ने पहले की तरह ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि पूछताछ के लिए या तो आप आइए या हम आएंगे। एजेंसी ने 22 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजकर 25 जनवरी तक यह बताने को कहा था कि वह 27-31 जनवरी के बीच पूछताछ का कोई वक्त मुकर्रर कर एजेंसी को बताएं। ऐसे में ईडी ने एक बार फिर पत्र भेज कर मुख्यमंत्री से समय और स्थान तय करने की बात कही है। पत्र के जवाब में हेमंत सोरेन ने 25 जनवरी को एक पत्र ईडी के अनुसंधान पदाधिकारी को भेजा था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्हें ईडी का नौवां समन मिला है लेकिन वह पूछताछ की तारीख या वक्त बाद में बताएंगे। ईडी को उन्होंने यह नहीं बताया था कि एजेंसी उसने 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ कर सकती है या नहीं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद ईडी ऑफिस नहीं गए, बल्कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों को मुख्यमंत्री आवास बुलाया। ईडी के अधिकारी सुरक्षा के घेरे में ईडी दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारी लंबी पूछताछ की थी। लगभग सात घंटे से अधिक लंबी पूछताछ के बाद रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री आवास से ईडी की टीम बाहर निकली थी। रांची की जिस जमीन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के दायरे में आए हैं।




### मुख्यमंत्री 31 जनवरी को जायेंगे गिरिडीह

**रांची।** ईडी के 27 से 31 के बीच मुख्यमंत्री से पूछताछ करने की मंशा के बीच मुख्यमंत्री 31 जनवरी को गिरिडीह जा रहे हैं। वहां अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। इस संबंध में गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी पदाधिकारी आपसे समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

### सीएम को ईडी के 10 वें समन के विरोध में जेएमएम ने निकाला मशाल जुलूस

**रांची।** ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को 10वां समन जारी किये जाने और 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अपना बयान दर्ज कराना अनिवार्य किये जाने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता ईडी और केंद्र सरकार पर आक्रोशित हैं। शनिवार को झामुमो की सभी जिला कमेटियों ने अपने-अपने जिलों में मशाल जुलूस के साथ प्रदर्शन किया। कहा कि जिस तरह से उनके नेता को परेशान किया जा रहा है। उसके बाद झामुमो कार्यकर्ता चुप बैठने वाले नहीं हैं। रांची जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि अब हम पार्टी कार्यकर्ता अपनी केंद्रीय कमेटी की बात भी नहीं सुनेंगे। क्योंकि अब पानी सिर से ऊपर बहने लगा है। झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम और जिला सचिव डॉ हेमलाल के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने हाथों में मशाल लेकर जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार, भाजपा और ईडी के खिलाफ नारे लगाये गये। आक्रोशपूर्ण मशाल जुलूस अलबर्ट एक्का चौक पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। जिसमें जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर उनके नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र सरकार ने मराठाओं की मांगें मानीं, आंदोलन समाप्त

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय की सभी मांगें मान ली हैं, जिसके बाद शनिवार तड़के उनका आंदोलन समाप्त हो गया। शिव संगठन नेता मनोज जारांगे-पाटिल और सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने आधी रात के आसपास विस्तृत चर्चा की जो सफल रही। बाद में, सरकार ने एक आधिकारिक अधिसूचना (सरकारी संकल्प) जारी की, जिसकी एक प्रति सुबह करीब 5 बजे जारांगे-पाटिल को सौंपी गई। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम से परामर्श किया और आंदोलन खत्म करने का फैसला किया।

## राजभवन में एट होम और 'बैंड डिस्प्ले का हुआ कार्यक्रम

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में राज भवन में आयोजित शनिवार को 'एट होम कार्यक्रम' और 'बैंड डिस्प्ले कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, पूर्व मुख्यमंत्री व विधान सभा सदस्य बाबूलाल मरांडी, लोक सभा सांसद संजय सेठ, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक सहित भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में



पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, प्रथम बटालियन जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस- 1, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं विवेकानंद विद्यालय, राँची की टीम द्वारा बैंड डिस्प्ले का मनमोहक प्रस्तुति की गई। मौके पर राज्यपाल ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर झांकी, परेड एवं बैंड प्रदर्शनी के विजेताओं के मध्य पुरस्कार वितरण भी किया । उल्लेखनीय है कि झांकी में झारखण्ड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड प्रथम, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वितीय, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग तथा सूचना एवं जन-संपर्क विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप-1 को द्वितीय, सीआरपीएफ को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, सेना को द्वितीय एवं जैप 10 को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### दुष्कर्म के आरोपी पंचायत ने दी अमानवीय सजा

## जख्म से जूझते युवक ने दम तोड़ा, 17 गिरफ्तार

**आरोपी के शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया**

**जख्म के बाद आठ दिनों तक तड़पता रहा युवक, 25 को तोड़ दिया दम**

**रांची।** रांची के अनगड़ा में रेप के आरोपी एक युवक को भरी पंचायत में बुरी तरह पीटा गया और इसके बाद उसके शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया गया। इस फल के संपर्क में आने पर भयंकर जलन और खुजली होती है। बुरी तरह जख्मी युवक आठ दिनों तक तड़पता रहा और अंततः उसने दम तोड़ दिया। अब पुलिस ने इस मामले में गांव के प्रधान सहित पंचायत में मौजूद 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। वारदात अनगड़ा थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव की है। बताया गया कि 15 जनवरी को इलाके के जोन्हा फॉल में जनजातीय पर्व टुसू के मौके पर मेले का आयोजन किया गया था। मेला देखकर गांव लौट रही एक युवती को उसके ही गांव के एक युवक धनीराम मुंडा ने पकड़ लिया और जंगल की ओर ले जाकर उसका रेप किया। पीड़िता ने परिजनों को इसकी जानकारी दी, तो गांव के लोगों ने आरोपी धनीराम मुंडा को पकड़ा। उसके साथ मारपीट की गई और उसे एक घर में कैद कर दिया गया। अगले दिन यानी 16 जनवरी को ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा की अगुवाई में गांव में पंचायत बैठी। पंचायत ने उसकी पिटाई करने और कड़ी सजा देने का फरमान सुनाया। गांव के कई लोगों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और इसके बाद उसके पूरे शरीर पर भेलवा नामक जहरीले जंगली फल का तेल उड़ेल दिया। धमकी दी गई कि इसकी जानकारी पुलिस को दी गई तो गंभीर परिणाम होंगे। बुरी तरह जख्मी धनीराम का इलाज पहले घर में किया गया। हालत गंभीर होने के बाद उसे जोन्हा स्थित एक निजी क्लिनिक में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान 25 जनवरी को उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतक के भाई बलराम मुंडा ने अनगड़ा पुलिस से शिकायत की। अनगड़ा पुलिस ने शनिवार को इस मामले में ग्राम प्रधान सत्यनारायण मुंडा, युवती के पिता ओर चचेरे भाई समेत गांव के अनिल मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, शिवनाथ मुंडा, दिगंबर सिंह मुंडा, चरवाह मुंडा, मनीनाथ सिंह मुंडा, कलिंदर मुंडा, जलेश्वर मुंडा, नरेश्वर मुंडा, प्रदीप मुंडा, पीतांबर मुंडा, कालेश्वर बेदिया, मोहर सिंह मुंडा और रंगलाल सिंह मुंडा को गिरफ्तार कर लिया।

### शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति ने पिता की हत्या के लिए दी सुपारी, गिरफ्तार

**बागलकोट (एजेंसी)।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में शनिवार को शारीरिक रूप से अक्षम एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को साजिश रचने और अपने पिता को कॉन्ट्रैक्ट किलर से मरवाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान चन्नाबसप्पा, उसकी पत्नी शिवबासव्वा, उसके दोस्त रमेश मनगोली और सुपारी किलर महंतेश के रूप में की गई है। मृतक की पहचान 66 वर्षीय चेनप्पा के रूप में हुई है।

## इंडिया

# पक्षपातपूर्ण वैश्विक कवरेज, विहिप का विरोध और राजनीति


सुनील बादल

**अमेरिका,** कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में विश्व हिंदू परिषद की शाखाओं ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पक्षपातपूर्ण कवरेज को लेकर अपने-अपने देशों में पश्चिमी मीडिया और मुख्यधारा के मीडिया संस्थानों की आलोचना की है और उन समाचार लेखों को तुरंत हटाने की मांग की है । विहिप ने एक बयान में कहा, 'विहिप की अमेरिका शाखा मांग करती है कि एबीसी, बीबीसी, सीएनएन, एमएसएनबीसी और अल जजीरा अपनी वेबसाइट से समाचार लेखों को तत्काल हटाएं। इसके अलावा, हम झूठी सूचना के प्रसार के कारण हिंदू समुदाय को हुई परेशानी के लिए उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने का आह्वान करते हैं।' सही तथ्यों के साथ दोबारा प्रकाशित करने की मांग की गई है । विहिप अमेरिका ने कहा, 'हम इन समाचार मंचों से आग्रह करते हैं कि वे ऐतिहासिक संदर्भ और राम मंदिर के निर्माण का समर्थन करने वाले भारत की सुप्रीम कोर्ट के फैसले जैसे सभी प्रासंगिक तथ्यों को शामिल करने के बाद ही लेखों को दोबारा प्रकाशित करें।' संगठन ने यह भी कहा कि पक्षपातपूर्ण कवरेज के जरिए झूठी कहानियों के कारण न सिर्फ असामाजिक भावनाओं को बढ़ावा मिलता है, बल्कि शांतिप्रिय, मेहनती और योगदान देने वाले हिंदू अमेरिकी समुदाय के लिए भी खतरा पैदा होता है। संगठन ने कहा कि इस तरह का कार्य गैर-जिम्मेदाराना पत्रकारिता के समान है, जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी तरह के बयान विहिप कनाडा और विहिप ऑस्ट्रेलिया की ओर से भी जारी किए गए । विहिप कनाडा ने कहा, ''दुनिया भर में हिंदू समुदाय एक शांतिप्रिय, प्रगतिशील और समावेशी समुदाय है जो वसुधैव कुटुंबकम (यानी पूरी दुनिया एक परिवार है) के मूल्यों में विश्वास रखता है। इस तरह की भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत पत्रकारिता का उद्देश्य हिंदू कनाडाई समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाना है, जिससे देश में हिंदुओं के प्रति नफरत बढ़ने और शांतिपूर्ण कनाडाई समाज के भीतर अशांति पैदा होने का खतरा है। 'ऐसा ही बयान विहिप की आस्ट्रेलिया शाखा ने भी जारी किए। विहिप ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'हम पूछना चाहते हैं कि क्यों और किस आधार पर एबीसी, एसबीएस और 9न्यूज ने अवनि डायस, मेघना बाली और सोम पाटीदार जैसे हिंदू विरोधियों से पक्षपातपूर्ण प्रतिक्रिया ली और गलत तथ्य पेश किए । हम नहीं मानते कि इन तीनों संस्थानों को कोई ऐसा रिपोर्टर नहीं मिला होगा जो निष्पक्ष और तथ्यात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके। 'विहिप ऑस्ट्रेलिया ने एबीसी, एसबीएस और 9न्यूज से हिंदू समुदाय से माफी मांगते हुए अपनी वेबसाइट से समाचार लेखों को तुरंत हटाने की मांग की है। उसने यह भी कहा कि इन लेखों को तभी प्रकाशित करें जब इसमें सभी तथ्य और मंदिर निर्माण का समर्थन करने वाले लोगों के बयान भी शामिल हों। राम मंदिर और लंबा संघर्ष जो कि बाद में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा में परिणत हुआ, वह बहुत से मायनों में अपने तरह का अनूठा है। अयोध्या में समारोह के बाद जो राष्ट्रीय और वैश्विक उत्साह और उल्लास था, उसकी तुलना 1947 में आजादी के तुरंत बाद के जैसे ही किसी अनुभव से की जा सकती है। सदियों से भारत विरोधी रुख वाली पश्चिमी मीडिया संपेरों और भिखमंगों के देश के तेवर से थोड़ा सुधरी है पर अभी भी भारत को नीचा दिखने का कोई अवसर नहीं चूकती । राम मंदिर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से बना है पर अधूरी, एकपक्षीय पश्चिमी मीडिया ने इसका कहीं उल्लेख नहीं किया है और अल्पसंख्यकों में भय,मस्जिद को मॉब ने तोड़ा, अब उसके ऊपर मंदिर,तनाव जैसे उकसावे वाले शब्दों का प्रयोग कर विवाद और भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। जबकि अयोध्या सहित पूरे देश के अधिकांश मुसलमानों ने इसमें सहयोग किया है। रॉयटर्स ने लिखा था, 'राम मंदिर के उद्घाटन का असर आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। मंदिर की वजह से चुनाव में बीजेपी को अच्छी खासी बढ़त मिलेगी।' लंदन से छपने वाली पत्रिका इकॉनॉमिस्ट ने लिखा, '1992 में भाजपा नेताओं के भड़काऊ भाषणों से उन्मादी भीड़ ने मस्जिद को तबाह कर दिया, जिससे पूरे भारत में दंगे भड़क उठे।' ब्रितानी अखबार द गार्जियन ने राम मंदिर उद्घाटन समारोह पर सवाल खड़ा करते हुए लिखा, 'यह दैवीय क्षण या राजनीतिक नौटंकी? चुनाव के पहले राम मंदिर उद्घाटन की विपक्ष ने निंदा की है।' बीबीसी ने लिखा 'झड़पें, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समापन के बाद भी खत्म नहीं हुई हैं। हर रोज सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो आ रहे हैं, जहां धर्म के नाम पर मारपीट, नारेबाजी और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।' सोशल मीडिया के वीडियो की सच्चाई और देश की स्थिति से सभी अवगत है इसलिए इनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। चीन सहित पश्चिम के अनेक देशों को भारत की सबसे तेज और विश्व की अर्थव्यवस्था नहीं दिखती।



## एक नजर

### ग्रामीण बैंक में तिरंगे का अपमान

**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में तिरंगे के अपमान का मामला प्रकाश में आया है। लोगों ने बताया कि शनिवार की शाम तक तिरंगे को ससम्मान उतारा नहीं गया है। अधिकारियों की लापरवाही की चर्चा मोहम्मदगंज बाजार में हो रही है। लोगों ने दोषी बैंककर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### उपायुक्त ने भारी मुखिया को सम्मानित किया

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र की बारी मुखिया निरोत्तमा कुमारी को पंचायत में बेहतर कार्य के लिए मेदिनीनगर पुलिस स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के मौके पर संयुक्त रूप से पलामू डीसी शशिरंजन व एसपी रिष्मा रमेशन ने शील्ड देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व रांची में 20 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भी मुखिया को सम्मानित किया था।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए खड़गपुर मुखिया सम्मानित

**हरिहरगंज।** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में प्रखंड के खड़गपुर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी को उत्कृष्ट मुखिया के रूप में सम्मानित किया गया। पंचायत में योजनाओं के सही तरीके से संचालन और निगरानी करने के लिये उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा मेडल दिया गया। मुखिया को उत्कृष्ट मुखिया चुने जाने पर पंचायत के अवधेश राम, शैलेंद्र भुइयां ब्रजकिशोर मेहता, उदय यादव सहित पंचायत के लोगों ने हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामना दी है।

### पाटन प्रखंड में गणतंत्र दिवस की रही धूम

**पाटन।** प्रखंड परिसर में प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा व सीओ दीपक मिश्रा ने झंडारोहण किया। थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक विष्णु देव पासवान व थाना प्रभारी गुलशन गौरव के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। मध्य विद्यालय में प्रिंसिपल भारती गुप्ता, हाईस्कूल मे प्रिंसिपल संतोष कुमार, नावाजयपुर थाने में थाना प्रभारी संजय रजक के द्वारा तिरंगा फहराया गया। वहीं किशनपुर ओपी में कुमार नीरज के द्वारा झंडोत्तोलन कर उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्रखंड के पंचायत स्तर में सभी मुखिया के द्वारा अपने पंचायत भवन में समय अनुसार ध्वतारोहण किया गया।

### बच्चों को मिले संस्कार युक्त शिक्षा : लवली

**पांकी/सगालिम।** गणतंत्र दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना व फीता काटकर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में श्रीमती गुप्ता ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार की भी जानकारी देने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन जितेश गुप्ता ने किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष सिंह, सचिव उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी मिथिलेश सिंह, अयोध्या सिंह, मुकेश गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, अनिल दुबे उपस्थित थे।

# अनुमंडल में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार की सुबह तय समय के अनुसार सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों पर राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। जेपी चौक व एनसीपी कार्यालय में विधायक कमलेश कुमार सिंह, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ आवास व कार्यालय में प्रभारी एसडीपीओ अजय कुमार,निबंधन कार्यालय में भूमि उपसमाहर्ता अमर जॉन आइन्द, कपूर्री जी के प्रतिमा व बीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर एसडीओ व एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया। प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख राजकुमारी देवी, मुनि सिंह चौक व बाल



विकास कार्यालय पर बीडीओ रौशन कुमार,व्यापार मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पूर्व सैनिक कार्यालय व किसान बिग्रेड कार्यालय पर कर्नल संजय सिंह, नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी,पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर दीपक कुमार, हुसैनाबाद थाने में समीर तिर्की, महिला थाने में महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, एके सिंह कॉलेज व आरपीएस पब्लिक स्कूल में सांसद वीडी राम,प्लस टू बालिका उवि. में प्रेम प्रकाश सिंह, रा .उर्दू मवि. में सुनील कुमार, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में विधायक कमलेश कुमार सिंह,लोटनिया पंचायत सचिवालय पर मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने झंडोत्तोलन किया। कन्या मिडिल स्कूल में एचएम सुरेन्द्र कुमार सिंह, देवरी खुर्द मिडिल स्कूल में प्रधानाध्यापक उदेश्वर राम,जमुआ विश्वसिया उप्रावि में रामलाल राम ने झंडोत्तोलन किया। स्व. राजकेश्वर साहू प्रतिमा स्थल पर मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद ने झंडोतोलन किया गया। मौके पर एजाज आलम उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम,सूर्यनाथ पासवान, अखिलेश यादव, राजेन्द्र पाल, नजीर अहमद,उमा देवी, राजकुमार कश्यप,अर्जुन प्रसाद मौजूद थे।

### महायज्ञ से शुद्ध होता है क्षेत्र का वातावरण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उपरी कला पंचायत के ग्राम मुबारकपुर स्थित देवी मंदिर सह शिव-हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा और शतचंडी महायज्ञ धार्मिक अनुष्ठान को लेकर शनिवार को घोड़े-हाथी, बैंड बाजा व डीजे के साथ विद्वान महात्माओं के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मुबारकपुर टिकरी से आरंभ होकर पूरे गांव नगर का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी घाट पर पहुंची,जहां विद्वान पुजारियों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जलभरी कराया। जल भरकर श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। यज्ञाचार्य के नेतृत्व में अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कलश यात्रा में शामिल भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ.संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र में शांति बनी रहती है तथा यज्ञ के आयोजन से वातावरण में शुद्धि आती है। यज्ञाचार्य विद्वानों ने बताया कि अनुष्ठान की पूणार्हुति एक फरवरी को हवन-पूजन के साथ की जाएगी। इस अवसर पर महाप्रसाद वितरण सह भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा।

### सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से फहराया गया तिरंगा

**पांकी।** प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने तिरंगा फहराया। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद के द्वारा तिरंगा फहराया गया। थाना परिसर में थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह के द्वारा तिरंगा फहराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद,पांकी पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया प्रेम प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता,चतरा सांसद प्रतिनिधि अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने झंडारोहण कर सभी को बधाई दी।

### किशुनपुर हाईस्कूल मे मनाया गया गणतंत्र दिवस

**पाटन।** राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय किशनपुर में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत,नाटक के साथ-साथ देशभक्ति तथा झारखंडी नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राओं के बीच भारत व झारखंड की कला संस्कृति को प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या अनिता कुमारी ने झंडोत्तोलन के उपरांत कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष आज देशभक्ति से ओतप्रोत है। मंच संचालन शिक्षक भीम राम एवं शगुफ्ता यासमीन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शीला मनोनीत टोपनो, नृपेंद्र सम्राट, विवेक शुक्ला, गोविंद कुमार, बबली कुमारी, स्मृति राज, दीपक हजारी, सोमनाथ महतो, चंद्रदीप राम, आशुतोष कुमार,रिजवान अहमद, शिवानंद यादव, सबवे आलम, मुकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार, मुरारी सिंह, विनोद कुमार, पुटन राम उपस्थित थे।

# हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की धूम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वत फहराकर सलामी दी गयी। इस दौरान पिपरा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, बीड़ीओ अनीता केरकेट्टा, ददन पासवान, पिपरा थाना परिसर में थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, धनवानी प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव, जेआरजीबी में मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, हरिहरगंज ब्लॉक परिसर में प्रमुख कमला देवी व बीड़ीओ राजेश एक्का, नगर पंचायत कार्यालय में सीओ सह नपं कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास, थाना परिसर में एसआई धूमा किस्कू, नेशनल आईटीआई सह नेशनल पब्लिक स्कूल में चेयरमैन सह भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र मेहता, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, न्यू सब्जी बाजार स्थित मुखिया सरोज कुशवाहा मार्केट परिसर में एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, आजसू कार्यालय में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता तथा प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल तथा महावीर स्वास्थ्य संस्थान में विनोद कुमार व डॉ. मनोज कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुशवाहा, राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भाजपा प्रखंड कार्यालय में बल्लू बलराम, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक अमन जोशी, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ढाब कला में शाखा प्रबंधक राहुल कतरियार, खड़गपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया काजल कुमारी, सरैया पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रियंका तिवारी, विकास तिवारी, विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक अजय में कुमार सिंह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विजेंद्र प्रसाद, ल्यूमिनस मेंटर्स एकेडमी में डायरेक्टर सत्येंद्र शर्मा, बीएनएस पब्लिक स्कूल में प्राचार्ज विनोद सिंह, हरिजन आवासीय विद्यालय कौवाखोह में प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार तथा शिक्षक बिंदेश्वरी राम ने झंडोत्तोलन किया। समारोह में वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, इरफान शाहिद, कमलेश कुमार यादव, प्रमोद रवि, राज कुमार गौतम, नेशनल आईटीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, लाल बहादुर सिंह, जितेंद्र विश्वकर्मा,आनंद यदुवंशी, अरविंद पासवान , राजेश रंजन मिश्रा, शंभू यादव, सत्येंद्र पासवान, राजकुमार पासवान, कृष्ण सिंह, सिकंदर पासवान, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, सोनू जायसवाल, बुधन सिंह यादव, अशोक यादव, विजय प्रजापति, एसआई निर्भय कुमार, जानू चौधरी, मो. असलम, मो. आबिद, मो. जमील, पैक्स अध्यक्ष अमलेश सिंह, भोला गुप्ता मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने मोहा मन

**हरिहरगंज।** गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर प्रखंड क्षेत्र के तेंदुआ स्थित बीएनएस पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को प्रधानाचार्य विनोद सिंह के द्वारा झंडात्तोलन के बाद विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण तथा लोक नृत्य प्रदर्शित कर दर्शकों का मोह लिया। बतौर मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय हर क्षेत्र में बेहतर कर रहा है। एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, शिक्षक गौरव कुमार, हिमांशु, विमलेश, लव कुमार, अंकित, संगीता, राकेश कुमार, कशिश गुप्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को पठन-पाठन में होगी सुविधा

### ड्रीम लाइब्रेरी का हुआ आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर से सटे महाराजगंज स्थित निखिल काम्प्लेक्स में ड्रीम लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह तथा उत्तम क्लासेस के संचालक प्रमोद सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर अजय कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इस पुस्तकालय से बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी। प्रमोद सिंह यादव ने कहा कि पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं है। इस



पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों के अलावा ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें भी रखी गयी हैं। संचालक सत्येंद्र कुमार यादव ने कहा कि वातानुकूलित परिवेश, वाईफाई, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल तथा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सहित लाइब्रेरी में कई तरह की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर अभिभावक नंदू यादव, शिक्षक मुकेश शर्मा, महताब आलम, मनोज कुमार, संजय यादव, जीशान उर्फ लल्लू, रौशन गुप्ता, निरंजन सिंह चंद्रवंशी मौजूद थे।

# महाविद्यालय में शासी निकाय की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** बालकिशोर सिंह इंटर महाविद्यालय हरिहरगंज में शनिवार को शासी निकाय की बैठक क्षेत्रीय विधायक सह शासी निकाय अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मुख्य रूप से सत्र 22- 23 का कॉलेज को प्राप्त अनुदान की राशि वितरण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही महाविद्यालय में रिक्त पदों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकालने का भी निर्णय लिया गया। विधायक ने शिक्षाविद् व कालेज परिवार को बेहतर शैक्षणिक माहौल के बीच ईमानदारी से अपने कार्य दायित्वों का सम्पादन व संचालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्राओं की सुविधा व कालेज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। बैठक में प्राचार्य अरविंद कुमार सिंह, सचिव सह शिक्षाविद् प्रदीप कुमार सिंह, दानदाता सदस्य सत्येंद्र नारायण सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि रामपुकार सिंह, प्रो. दिलीप सिंह, कैशियर सुरेश प्रसाद सिंह मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तमाम ग्राहकों, शुभचिंतकों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
प्रो. अब्दुल मजीद कादरी
काद्ररिया हीरो
एसोसिएट डीलर हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड जपला छतरपुर शेड, अनुमंडल ऑफिस के सामने हुसैनाबाद, पलामू।

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
डा0 रत्नेश कुमार प्रभारी चिकित्सा प्रभारी धुरकी

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
अविनाश मेहता (विक्की)
आईसीटी प्रशिक्षक
राजकीय मध्य विद्यालय, अरंगी
सह युवा समाजसेवी ग्राम पंचायत अरंगी

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
धुरकी वीडियो
जुल्फिकार अंसारी

बालूमाथ प्रखंड परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
निवेदक
सोमा उरांव
प्रखंड विकास अधिकारी बालूमाथ।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के समस्त छात्राओं, अभिभावकों व नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रेम प्रकाश सिंह
प्रभारी प्रधानाध्यापक
बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद, पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनोज यादव
मजदूर नेता सह व्यवसाय तेतरियाखाड़ माइंस बालूमाथ, लातेहार।

वी. पी .आर. कोल खनन कंपनी मगध की ओर से मगध विस्थापित भूरायत सीसीएल एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।
जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
निवेदकः श्रीनिवासन रेड्डी
सीनियर मनिजर मगध बालूमाथ।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुबेर साव
पिकेट प्रभारी अमरवाडीह बालूमाथ लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजेश यादव
झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष बालूमाथ लातेहार।

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज सिंदूरिया
थाना प्रभारी
खरौंधी, गढ़वा

डंडई वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
सतेंद्र दास प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय अरंगी
प्रखंड खरौंधी गढ़वा

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कुमार सहायक शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय माझिगावां प्रखंड खरौंधी,गढ़वा

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
धुरकी थाना प्रभारी
संतोष कुमार

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
वासुदेव राय अंचल
अधिकारी विशुनपुरा, गढवा

चतरा वासियों को 75 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हार्दिक शुभकामनाएं
अजित कुमार पाण्डेय
प्रधानाध्यापक मध्य
विद्यालय विशुनपुरा, गढवा

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दलित पिछड़ों के लड़ाई सबने लड़ी है पर राजद आज भी उनके साथ खड़ी है।
निवेदक
दीपक कुमार यादव
पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल बालूमाथ, लातेहार।
मनोज कुमार यादव
राजद मजदूर प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, लातेहार।
श्याम सुंदर यादव
राष्ट्रीय जनता दल लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सामाजिक न्याय का पक्ष धर्म है राजद। आईये मिलकर राजद के हाथों को करें मजबूत।
निवेदक
प्रीतलाल यादव
राजद प्रखंड अध्यक्ष बालूमाथ लातेहार।
राम प्रवेश यादव
राजद जिला अध्यक्ष, लातेहार।
सुरेश राम
भावी विधायक प्रत्याशी राष्ट्रीय जनता दल लातेहार।

## एक नजर

### संविधान उद्देशिका लिखा शिलापट का अनावरण

**मेदिनीनगर।** 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नावा बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में संविधान उद्देशिका व कंडा पंचायत के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम के शिलापट का अनावरण बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद की अगुवाई में किया गया। अनावरण के मौके पर बीडीओ श्री प्रसाद सहित प्रमुख विद्या देवी, उप प्रमुख आमिर खुर्शीद आलम, विकास कुमार, बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, कनीय अभियंता राजू पासवान, शैलेश कुमार, सचिन, शिवकुमार यादव,विपिन यादव आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। शिलापट पर स्वतंत्रता सेनानी स्व. केश्वर विश्वकर्मा, स्व. हीरा चमार,स्व. वृक्ष प्रजापति,स्व . रामखेलावन साव, स्व. गनौरी सिंह,स्व. रामशरण भुईयां,स्व. रघु प्रजापति, स्व. सोहर चमार, स्व. तुला चौधरी, स्व. रामजीत खरवार का नाम अंकित है।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुसड़ी निवासी आत्मा सिंह की पत्नी सरिता देवी उम्र 25 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। आत्मा सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार होकर वे पत्नी के साथ घर से तरहसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। तभी रास्ते में सरिता अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गयी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य राजकीय समारोह में उपायुक्त ने किया झंडोत्तोलन, कहा

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही विकास की योजनाएं


सलामी लेते डीसी व एसपी


सलामी लेते आईजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलेवासियों को सम्बोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ जिले में चल रही विकासोन्मुख योजनाओं की जानकारी दी । इसके अलावे जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि तथा सहकारिता के क्षेत्र में गये गये कार्यों का लेखजोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा जिले विकास की

#### डीसी व एसपी ने संयुक्त रूप से परेड व झांकियों का किया निरीक्षण

योजनाओं के साथ साथ सरकार की अन्य सभी योजनाओं का लाभ गांव के जरूरतमंद गरीबों के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत का यह गणतंत्र चेहरा पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा है। यह तिरंगा जो शान से लहरा रहा है, यह आजादी के उन दीवानों की याद दिलाता है, जिनके लिए देश व देश की आजादी ही सब कुछ था। उन सबको हमारा कोटि-कोटि नमन।आज वक्त है उन मनीषियों व पुरोधाओं को नमन करने का, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से देश के लिए एक सुव्यवस्थित, समृद्ध व सशक्त संविधान की रचना की है। आप सबको मालूम होगा संविधान निर्माण के उपरांत उसमें 284 सदस्यों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि इनमें दो महापुरुष इसी पलामू जिले के थे। इनमें स्व. यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू एवं स्व. अमीय कुमार घोष उर्फ.गोपा बाबू शामिल थे। इन दोनों विभूतियों ने पहले अंग्रेजों के खिलाफ स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी और फिर संविधान सभा के सदस्य के रूप में संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई। यह धरती राजा मेदिनीराय के प्रताप से निर्मित एवं क्रांतिकारी नीलांबर-पीतांबर के शहादत से आलोकित है। हम उनके माध्यम से सभी स्वाधीनता सेनानियों व संविधान निमार्ताओं का अभिनंदन-वंदन करते हैं। इस दौरान उन्होंने एसपी के साथ परेड व विभिन्न विभागों द्वारा निकाली गई झांकियों का निरीक्षण किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, उप निदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो उपस्थित थे।

**पूर्व सैनिकों ने मनाया गणतंत्र दिवस :**मेदिनीनगर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला कार्यालय में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनायी गयी। सैनिक शिवजी के आवास पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में कर्नल संजय अखौरी, जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष गिरिवर सिंह, रमन श्रीवास्तव, विजय सिंह, सुधीर कुमार, उदित कुमार पांडेय, अंबिका सिंह, केदार महतो, कृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

**एनपीयू में मनाया गया गणतंत्र दिवस** मेदिनीनगर : नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विवि के कौटिल्य प्रशासनिक भवन परिसर में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अंबालिका प्रसाद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जीएलए कालेज व वाईएसएनएम कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने परेड कर तिरंगे को सलामी दी। कुलानुशासक डा. केसी झा ने पर्यवेक्षण व संचालन डा. सुप्रिया सोनालिका ने किया।

**अधिवक्ता संघ के प्रभारी अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण :** मेदिनीनगर गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ में प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता का जश्न मनाने और राष्ट्रीय एकता तथा एकीकरण को बढ़ावा देने का अवसर है। उन्होंने समस्त अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनायें दीं।

**मुखिया ने किया झंडारोहण :** मेदिनीनगर। रजवाडीह पंचायत भवन में मुखिया अनुज त्रिपाठी ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। झंडोत्तोलन के बाद ग्रामीणों के बीच मिठाइयां बांट कर मुखिया ने ग्रामीणों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### व्यवहार न्यायालय में से मना गणतंत्र दिवस

**मेदिनीनगर।** पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने राष्ट्रीय ध्वत फहराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष व रेलवे कोर्ट में रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार ने ध्वजारोहण किया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र, जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार, विनोद सिंह, प्रेमनाथ पांडेय, अमरेश कुमार, शंकर महाराज, आनंदा सिंह, संदीप निशित, संजय सिंह यादव, अर्पित श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### आयुक्त एवं आईजी कार्यालय में झंडोत्तोलन

**मेदिनीनगर।** जिले में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों समेत स्कूल, कॉलेज के अलावे अन्य संस्थानों में प्रमुख अधिकारी व पदाधिकारियों द्वारा झंडोतोलन किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त एवं आईजी कार्यालय परिसर में पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिवेंद्र कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, वरीय पुलिस उपाधीक्षक प्रशासन राहुल देव बड़ाइक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर अनीस मोमित कुजूर, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी आदि उपस्थित थे।

### परेड में संत जेवियर अकेडमी बारालोटा प्रथम, उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह के दौरान पुलिस लाईन स्टेडियम में आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिला समाज कल्याण शाखा की ओर से प्रस्तुत झांकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं परिवहन विभाग की झांकी को द्वितीय और एनआईसी की झांकी को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा परेड में संत जेवियर अकेडमी बारालोटा को प्रथम,जिला सशस्त्र बल (महिला) को द्वितीय और जिला सशस्त्र बल(पुरुष)को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## श्याम कुंवर भारती के सम्मान में कवि सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कवि और साहित्यकार रचना-धर्म निभायें। हमारा उद्देश्य देश-प्रेम और समाज कल्याण होना चाहिये। उक्त बातें बोकारो से आए कहानिका हिंदी पत्रिका के प्रधान संपादक श्याम कुंवर भारती ने सम्मान सह कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि कवि और साहित्यकार के निरंतर प्रयास से समाज में जागरण आता है और देश खुशहाली की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम का आयोजन कहानिका हिंदी पत्रिका व रेलवे साहित्यिक परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे क्लब में किया गया। संचालन किरण राज ने किया। कार्यक्रम में श्री भारती को अंग वस्त्र, डायरी, कलम आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान एमजे अजहर ने दुख-दर्द में हमेशा ही होते थे हम शरीक, आपस में इस तरह के कभी फासले न थे की मनोरम प्रस्तुति की। कवि सम्मेलन में श्याम कुंवर भारती, हरिवंश प्रभात, उमेश कुमार पाठक रेणु, किरण राज, रामप्रवेश पंडित, राकेश कुमार, मनीष नंदन, डॉ. इंतखाब असर, आचार्य धनंजय पाठक, अंजनी दुबे, आनंद कुमार गुप्ता, स्मृति लाल, रीना प्रेम दुबे, चंद्रकांत सिंह, मो. इस्तखार, सरोज कुमार आजाद, जया लक्ष्मी, सृष्टि कुमारी, अमन चक्र, उदय मांझी ने रचनायें प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच



**मेदिनीनगर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्थानीय परिसदन भवन में शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच किया। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह बाबू ने कहा कि आज देश में एक उम्मीद की किरण के तौर पर हमारे नेता राहुल गांधी इस यात्रा को लेकर निकले हैं। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई में खत्म होगी। इस मौके पर मोनू जायसवाल,राजा खान,शोएब अख्तर ,प्रतीक सिंह, विश्वजीत जयसवाल, राजा खान आदि उपस्थित थे।

### 17 परीक्षा केंद्रो पर होगी परीक्षा, केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

## झारखंड सामान्य स्नातक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2023 को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए कुल 17 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है।

### टेंपो की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कलोनी के पास शनिवार की सुबह 11 बजे टेंपो की टक्कर से बाइक चालक रेड़मा बारालोटा निवासी सरूपन भुइयां उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुयी है। परिजन अस्पताल में उपचार करा रहें है।

### आरएसएस सिक्योरिटी कार्यालय में झंडोत्तलन



**मेदिनीनगर।** आरएसएस सिक्योरिटी कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सदस्य नवीन तिवारी ने तिरंगा फहराया। इसके पूर्व श्री तिवारी ने गांधी पार्क पहुंच कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर सिक्योरिटी एजेंसी के डायरेक्टर मिथलेश तिवारी,शिव कुमार दुबे आदि मौजूद थे।


75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अरबिंद यादव
जनमानस विकाश सोसायटी बालूमाथ।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

कामेश्वर राम
उप प्रमुख बालूमाथ, लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद जय भारत
शशिरंजन कुमार
इंस्पेक्टर बालूमाथ लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
उपेन्द्र यादव
जेएमएम जिला कोषाध्यक्ष लातेहार।

मगध विस्थापित भू रैयत सीसीएल डीओ होल्डर ट्रांसपोर्टर सीसीएल एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

निवेदकः एस सतनारायण
परियोजना पदाधिकारी मगध बालूमाथ लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शहर से लेकर गांव तक बहे विकास की समग्र धारा। घर-घर में आए खुशहाली यही है लक्ष्य हमारा।
मो. इमरान
झामुमो जिला
संयुक्त सचिव लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद जय भारत
धर्मेंद्र महतो
थाना प्रभारी बालूमाथ लातेहार।


चतरा लोकसभा वासियों एवं देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।
हमने ठाना है चतरा लोकसभा क्षेत्र को विकसित बनाना है। जय हिंद जय भारत
निवेदक : गंगेश्वर यादव
भाजपा नेता सह भावी युवा प्रत्याशी चतरा लोकसभा क्षेत्र।

सीसीएल, मगध विस्थापित, पुलिस- प्रशासन व क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

विकास भारत का सपना हो रहा है पूरा।
निवेदकः मिथुन साव
समाजसेवी सह विस्थापित रैयत मगध बालूमाथ।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
मो. आमिर हयात
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि बालूमाथ लातेहार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विकास भारत का सपना हो रहा है पूरा।
परमेश्वर उरांव
मुखिया, गणेशपुर पंचायत।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।




लाल मोतिनाथ शाहदेव
झामुमो जिला अध्यक्ष लातेहार
बैद्यनाथ राम
विधायक लातेहार विधानसभा क्षेत्र।
झा. मु. मो.
शहर से लेकर गांव तक बहे विकास की समग्र धारा। घर-घर में आए खुशहाली यही है लक्ष्य हमारा।
निवेदक
औरंगजेब खान
झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष बालूमाथ लातेहार ।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रदीप गंझु
कामगार मजदूर यूनियन
जिला अध्यक्ष लातेहार।

मगध विस्थापित रैयत, सीसीएल, पुलिस- प्रशासन व क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
निवेदकः रवि प्रकाश
युवा समाजसेवी आरा मगध बालूमाथ।

आरा मगध क्षेत्र वासियों गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

जुड़ेगा युवा बदलेगा भारत।
जितेंद्र प्रसाद
समाजसेवी सह सहायक शिक्षक उ. म. वि.आरा बालूमाथ।

# गणतंत्र दिवस पर जिले में शान से लहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले भर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थानों पर झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गोविंद हाई स्कूल गढ़वा (टाउन हॉल) के मैदान में किया गया। प्रातः 9:05 मिनट पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। उन्होंने पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय संग परेड का निरीक्षण किया।

वहीं परेड में सूरत पांडे कॉलेज के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीआरपीएफ के जवानों ने दूसरा स्थान एवं होमगार्ड के जवानों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी को मंत्री द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी में प्रथम स्थान मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा, द्वितीय स्थान राजकीय कृत गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा एवं तृतीय स्थान सीपी मेमोरियल स्कूल गढ़वा ने प्राप्त किया। सभी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। इनमें झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गढ़वा द्वारा पलाश प्रसंस्करण इकाई एवं फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा स्वच्छता प्रहरी



जलसहिया जल बचाएं जीवन बचाएं, कचरा प्रबंधन समेत अन्य थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई। जिला कल्याण विभाग गढ़वा की ओर से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई, जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, हिट एंड रन थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई, शिक्षा विभाग द्वारा जहां है शिक्षा वही है सुरक्षा, चाहे जितनी भी हो मजबूरी शिक्षा लेना है सबसे जरूरी थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। डीआरडीए विभाग द्वारा अबुआ आवास योजना को लेकर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। नगर परिषद गढ़वा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी थीम पर झांकी प्रस्तुत की गई। राजकीय मध्य विद्यालय चिरौंजिया द्वारा महात्मा गांधी के तीन बंदर थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। गढ़वा पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग विषय पर झांकी प्रस्तुत की गई। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं के थीम पर बेहतरीन झांकी प्रस्तुत की गई। झांकियों में प्रथम स्थान जिला समाज कल्याण विभाग ने प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा ने प्राप्त किया, साथ ही तीसरा स्थान जिला शिक्षा विभाग ने प्राप्त किया। उक्त विभागों को मंच पर आमंत्रित कर माननीय मंत्री द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। झारखंड के आंदोलनकारियों आनंद मोहन तिवारी, गोपाल प्रसाद, विनोद कुमार दुबे, दिलीप कुमार तिवारी एवं उपेंद्रनाथ तिवारी को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। उग्रवादी हिंसा में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों को भी सम्मानित किया गया। रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढेंगुरा के जंगल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने के लिए पुलिस अवर निरीक्षक शिवलाल गुप्ता, राजबल्लभ कुमार,



हवलदार विवेक चौधरी, आरक्षी संजय प्रसाद गुप्ता और आरक्षी प्रमोद ऋषि एवं चौकीदार मुन्ना पासवान को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक हेतु चयनित सहायक अवर निरीक्षक तारामणि टेटे को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य से उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मिश्रा एवं आरक्षी सुरेंद्र विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों में विनय कुमार (डीआरडीए) एवं क्षमा प्रिया (डीआरडीए) को सम्मानित किया गया। मनरेगा अंतर्गत रोजगार सेवक के रूप में चयनित सोनू कुमार, सतनारायण सिंह, सुनील कुमार यादव एवं सरिता कुमारी को मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। राष्ट्रगान एवं बैंड बिगुल धुन का निर्देशन को लेकर प्रमोद सोनी (निर्देशन संगीत कला महाविद्यालय) एवं उनकी टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उग्रवादी हिंसा में मारे गए स्व. कलावती देवी, ग्राम बौलिया, थाना डंडई के आश्रित पुत्र शिव मुन्नी राम को समाहरणालय अंतर्गत चतुर्थ वर्ग पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। वहीं उग्रवादी हिंसा में मारे गए स्वर्गीय नवीन कुमार उर्फ विक्की गुप्ता, ग्राम रामकंडा, थाना रामकंडा के आश्रित भाई प्रवीण कुमार को अनुग्रह अनुदान के रूप में एक लाख रुपए का चेक मंत्री द्वारा सौंपा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव, डीएसपी मुख्यालय संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## सुंडी पंचायत की मुखिया शिला देवी ने किया झंडोत्तोलन



**खरौंधी।** गणतंत्रा दिवस पर प्रखंड में विभिन्न संस्थानों में तिरंगा झंडा फहराया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने बीडीओ रविंद्र कुमार तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने झंडोत्तोलन किया। वहीं सुंडी मुखिया शीला देवी ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के पश्चात मुखिया तथा भाजपा नेता राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह ने पंचायत के विद्यालय में पढ़ने वाले 300 छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामाग्री का वितरण किया। मौके पर बीपीओ कमलेश कुमार पासवान, भूखन ठाकुर, समोद ठाकुर, अवध बिहारी राम, जगदीश मेहता, राहुल गुप्ता, सूबा राम, मोतीलाल उरांव, शिवनारायण पाल, सीताराम यादव, बुद्धि सिंह, बबलू सिंह, दिनेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीडीओ सावित्री ने लिया सीओ का प्रभार



**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने प्रभारी सीओ सुनील कुमार से अंचलाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। 25 जनवरी की देर शाम प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से नये बीडीओ ने प्रभार लिया था।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**चिनिया।** पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर वीरेंद्र यादव, पिता कुलदीप यादव का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी राजबल्लभ ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### ओबीसी मंच की बैठक

**खरौंधी।** सिसरी में ओबीसी एकता व अधिकार मंच का बैठक आयोजित किया गया।उक्त बैठक सीसरी के सोनू कुमार गुप्ता के आवास पर आयोजित किया गया। बैठक में प्रमंडलीय संयोजक गोरख नाथ चौधरी, ओबीसी संयोजक सदस्य बरूण बिहारी यादव, अख्तर अंसारी,सुरेश गुप्ता, रेयास्त अंसारी, बिनोद कुमार चौधरी रामचरित मेहता, रविंदर चौधरी, अजीज अंसारी, अंगद कुमार गुप्ता, संदेश मेहता, उप मुखिया अरगी प्रमोद पटेल पूर्व बीडीसी अरंगी विजय कुमार मेहता, हरिंदन चौधरी मौजूद थे।

### मजदूरों ने पुतला फूंका

**मेराल।** ग्राम रेलवे बॉक्साइडिंग पर गुरुवार को साइडिंग मजदूरों द्वारा डॉल्फिन एलाइंस कंपनी के साइड इंचार्ज प्रभाकर द्विवेदी का पुतला दहन किया गया। मौके पर रेलवे साइडिंग झारखंड जनरल मजदूर यूनियन संघ के अध्यक्ष राजेश्वर यादव, राजेंद्र यादव अकलीम अंसारी वकील अंसारी मंसूर अंसारी रुस्तम अंसारी सहाबुद्दीन अंसारी राजेंद्र शाह सुजायत अंनसारी राजेंद्र चौधरी राजेंद्र यादव आदि लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान पर हंगामा

**डंडई।** प्रखंड शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों तिरंगे को सलामी दी गई। प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख कांति देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीडीओ राहुल कुमार सानू, थाना परिसर में थाना प्रभारी शाबाज अंसारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन तनुजा कुमारी ने झंडोत्तलन किया गया। उधर कस्तूरबा विद्यालय में दो मिनट विलंब से झंडा फहराए जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की। उच्च विद्यालय में बिन फेरे झंडे के जमीन पर गिर जाने को लेकर ग्रामीणों ने खूब हो हंगामा किया। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे की जगह जिंदाबाद का नारा शिक्षक द्वारा बोलते ही ग्रामीणों ने और बवाल काटना शुरू कर दिया।

## गांव चलो कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने किया सम्मेलन

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में संगठन की ओर से आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक जवाहर पासवान ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार की योजनाएं को बताना है। 28 जनवरी से 1 फरवरी तक मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना है। जिला संगठन प्रभारी अमित सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी। केशरी ने कहा कि गांव चलो अभियान कार्यक्रम में 24 घंटे के लिए प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के नेता, पदाधिकारी गांव गांव प्रवास करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरज गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को ठीक करेंगे।

## पिकअप के पलटने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव-बरडीहा कांडी मुख्य पथ पर सलगा मोड़ के समीप गुरुवार को रात्री में आलू लदा एक पिकअप वाहन पलट गया। इस कारण कांडी थाना के घोड़दाग निवासी शिव रजवार (60) की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से भी अधिक लोगों के घायल होने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही है। बताया जाता है कि पिकअप पलटने से घायल शिव रजवार को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर बरडीहा थाना से महज सवा किलोमीटर दूरी पर हुई इस दुर्घटना के बाद पिकअप का चालक जेसीबी मशीन लाकर अपने वाहन को उठाया और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बरडीहा एवं कांडी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से मजदूर मजदूरी करने बिहार गए हुए थे और वहां से मजदूरी के एवज में आलू लेकर किराए का पिकअप वाहन से अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान सलगा मोड़ के समीप पिकअप वाहन पलट गया। मृतक सहित सभी घायल लोग एक ही गांव के बताये गये हैं। इधर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह ने बताया कि घटित घटनाक्रम की अनुसंधान जारी है। थाना प्रभारी पवन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



### बाइक दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के डोल रोड स्थित शिव शाह के घर के पास हुए एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में राजवांस गांव निवासी चनू कोरवा की पत्नी रूपमानी देवी (55) गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। छत्तीसगढ़ के बालचौरा निवासी शंभू कोरवा अपनी मोटरसाइकिल से अपनी सास रुपमाणी देवी को पहुंचाने के लिए राजबांस जा रहा था। इसी बीच चिनिया मुख्यालय निवासी शिव साह के घर के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक शंभू कोरवा शराब के नशे में धुत लग रहा था।

## आर 11 ने बभनी को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

**मझिआंव।** एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुखदेव हाई स्कूल के मैदान में आरके 11 एवं बभनी टीम के बीच खेला गया, जिसका उद्घाटन भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव सह आजाद समाज पार्टी के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी सिराज खान ने किया। वहीं टॉस जीतकर आर 11 ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आर 11 ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट गंवा कर 14 ओवर में 156 रन का लक्ष्य दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी विपक्षी बभनी टीम ने 13.2 ओभर में 10 विकेट गंवाकर 135 रन ही बना सकी, जिससे बभनी टीम को 21 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं आर 11 ने 21 रनों से बभनी टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। कहीं मुख्य अतिथि सिराज खान के द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 25 हजार तो वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी 11 हजार नकद इनाम दिया गया। आदित्य को मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज वैस खान को दिया गया।


75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सीने में प्यार भर दूं भ्रष्ठ को सभ्य बना दूं मैं वो नेता हूं जो पत्थर को भी पिघला दू
तुम कीचड़ फैलाओ हम कमल उगा लेंगे। विपक्षियों कर सपना हम चूर-चूर कर देंगे।।
लाल सुरज
पांकी 75 विधान सभा पूर्व प्रत्याशी

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
DELHI PUBLIC SCHOOL SHAHPUR
Managed & Run By : Samman Educational Welfare Trust
Nur to VIII
SALIENT FEATURES
Team to Highly Qualified, Trained, Dedicated & Experienced Teachers
Implementation of Well Planned Academic Curriculum
Professionally Organised Management
Personalised Care for Every Child
E-Classroom Facilities with Audio-Visual Lab
Well Maintained Highly Ventilated & Spacious Classrooms
Totally Air Condition Classroom
Well Equipped Library
Well Equipped Computer Lab
Well Equipped Language Lab
Introducing Computer to All Classes
Limited Strength for Each Class
Yog & Martial Arts for Each Class
Games & Sports Facilities
Well Organised Participation in Competative Exam
Music & Dance Classes
A Fully English Language Campus
Follow Co-Education System in Campus
Follow C.B.S.E. Pattern
Well Maintained Transport Facilities
A Big & Safe Playground for the Students Inside the Campus
Registration & Admission Open for The Academic Session 2024-25
GREATER SHAHPUR-822110, DALTONGANJ, PALAMU
Contact Us :- 6206647104, 9431143938, 9110111396, 9123463933
E-mail :- dpsdaltonganj2020@gmail.com
Note :- WE DON'T HAVE ANY OTHER BRANCH IN THE DISTRICT
आन देश की.... शान देश की हम संतान हैं। तीन रंगों से रंगा तिरंगा अपनी ये पहचान है ।।
मो0 मुमताज खान
पूर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी विधान सभा क्षेत्र 75 पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुमार सौरभ
युवा समाजसेवी (आसेहार)
लड्डू राज
युवा समाजसेवी (आसेहार)
हमारे यहां गिट्टी, डस्ट, पत्थर उचित मूल्य पर उपलब्ध है।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रमेश कुमार साहू
(प्रोपराइटर सह संचालक)
शुभ एचपी गैस एजेंसी मनातू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुनील प्रजापति
मुखिया
सगालिम पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पूनम देवी
मुखिया
सहादेव
समाजसेवी
होटाई पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सूरत उरांव
मुखिया प्रतिनिधि
आदित्य सिंह
समाजसेवी
रतनपुर पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मो0 इकबाल अंसारी
प्रधानाध्यापक
रा0 कृ0 उ0 म0 विद्यालय हुरलौंग

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमेन्द्र प्रजापति
भावी मुखिया प्रत्याशी
सगालिम पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सोनू खान
प्रदेश महासचिव
अल्पसंख्या विभाग झारखंड कांग्रेस कमिटी

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
SUN SHINE PUBLIC SCHOOL SAGALIM
निर्देशक - राजेश प्रजापति
(सन शाईन पब्लिक स्कूल)
सगालिम पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
देव सागर राम
भावी मुखिया
आसेहार पांकी पलामू।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुलवंत सिंह
चेयरमैन
अहमद जबार
समाजसेवी
एस जी आर एस एकेडमिक प्राईवेट लिमिटेड

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
भानू प्रताप शाही
राजा सिंह
भाजपा नेता
भवनाथपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
Reg. No.- 2034600413
MEDICA HOSPITAL
मेडिका हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
चिरौंजिया मोड़ (नामधारी कॉलेज के नजदीक), गढ़वा-झारखण्ड
हमारे यहाँ सभी प्रकार के जेनरल सर्जरी, दूरबीन विधि से ऑपरेशन, हाईड्रोशील, हर्निया, बवासीर, बच्चेदानी, बन्ध्याकरण, पुरूष नसबंदी, सिजेरियन, अपेन्डिक्स, ट्यूमर, सभी प्रकार के स्टोन, पेशाब की थैली, पीत की थैली, पेशाब के नली का पथरी, किडनी का पथरी, प्रोस्टेट तथा नवजात शिशु के लिए फोटो थेरेपी एवं वार्मर की सुविधा
24 घंटे नॉर्मल प्रसव एवं सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध है।
Mob. : 8825294244, 9523104285, 6202114133

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमोद कुमार
रेंजर
भवनाथपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संजय कु. पासवान
डॉलर संघ
भवनाथपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
Cardio-Diabetic Clinic & Infertility Clinic
तैबा हॉस्पिटल
डॉ. यासीन अंसारी
पता- मदरसा रोड, बस स्टैंड के पास गढ़वा (झारखंड) मो.: 7050466650, 9006668685
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अरशद अंसारी
MBBS MD (Medicine) DFM
Consultant Physician
डॉ. माहेरू यमानी
MBBS MS DNB(I)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंजनी कुमारी
उर्फ शर्मा रंजनी
जिला परिषद सदस्य भवनाथपुर
निवेदक कुंदन कुमार ठाकुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुंदन कु. यादव
एस आई भवनाथपुर थाना।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दीपमाला कुमारी
प्रखंड प्रमुख
मेराल ।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
वैष्णवी कुमारी
भवनाथपुर।
वामीका राठौड़
भवनाथपुर।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बंशीधर ऑटो हीरो एजेंसी
भवनाथपुर मो. 7631193768
9155197204
Hero
प्रो. मनीष कुमार

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बंशीधर ऑटोमोबाइल्स
मेन रोड भवनाथपुर पेट्रोल पंप के नजदीक
मो. 9123279407,6200151797
बंशीधर ऑटोमोबाइल
राहुल कुमार
संचालक

## एक नजर

### भाड़ा वृद्धि को लेकर हाईवा वाहन मालिक बेमियादी हड़ताल पर



**टंडवा।** चट्टी बारियातु कोल परियोजना से बचरा रेलवे साइडिंग, एनटीपीसी पावर तथा कटकमसांडी तक कोयले की ढुलाई में भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर शनिवार को हाईवा वाहन मालिक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये, जिससे ऋत्विक, प्रगति तथा प्रणव-नमन नामक कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के कोयले की ढुलाई दिनभर बाधित रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईवा एसोसिएशन तथा ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के बीच भाड़ा वृद्धि को लेकर पिछले कई दौर की वार्ता बेनतीजा रही, जिससे वाहन मालिकों ने क्षुब्ध होकर पूर्व निर्धारित टंडवा प्रखंड कार्यालय के समीप टेंट लगाकर बैठ गये। एसोसिएशन के विजय साहु ने बताया कि मोटर पार्ट्स व अन्य चीजों की महंगाई को देखते हुए चट्टी बारियातु से एनटीपीसी टंडवा तक कोल परिवहन का भाड़ा 200 रुपये प्रति टन, बचरा रेलवे साइडिंग तक 320 रुपये प्रति टन तथा कटकमसांडी साइडिंग तक 650 रुपये प्रति टन एसोसिएशन की ओर से निर्धारित की गई है। इसपर ट्रांसपोर्टरों से अबतक सहमति नहीं बन पाया है। बगैर भाड़ा वृद्धि किसी सूरत में कोयले की ढुलाई होने नहीं दी जाएगी।

### तीन कैदी किए गए रिहा

**चतरा।** गणतंत्र दिवस पर सचिव प्रज्ञा बाजपई द्वारा मंडल कारा चतरा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इसमें अवर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, सचिव डीएलएसए, सब जज फोर मनोज कुमार इंदवार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अदनान अकीब, प्रधान जज जेजेबी सह नियायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत, प्रभारी न्यायाधीश सदीश उज्जवल बेक उपस्थित थे। इस दौरान न्यायालय से 3 अभियुक्तों को रिहा किया।

### जेल अदालत लगी

**लातेहार।** गणतंत्र दिवस पर मंडलकारा में जेल अदालत-सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और उसके जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। जेल अदालत में कुल 2 मामले प्रस्तुत किए गए। 1 मामले में 1 कैदी के वाद का निष्पादन किया गया। मौके पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### उत्पाद प्रदर्शनी लगी

**महुआडांड़।** झारक्राफ्ट द्वारा नेतरहाट तीन दिवसीय उत्पाद प्रदर्शनी सह मेला का उद्घाटन नेतरहाट थाना प्रभारी रत्न टुडू एंव नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामबिसुन नगेसिया ने किया। क्लस्टर मैंनेजर मोहम्मद शैफ ने कहा उत्पाद प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन लोकल उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। लोगों से हमारी अपील है कि 26 जनवरी से 28 जनवरी तक इस तीन दिवसीय उत्पाद प्रदर्शनी सह मेला में आकर ज्यादा से ज्यादा खरीदारी कर प्रोत्साहन बढ़ाने का कार्य करें। मौके पर अख़्तर रजा, लाडले खान, मोहम्मद मुर्शलीन आदि मौजूद थे।

# लातेहार जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस, डीसी ने तिरंगे को दी सलामी



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
गणतंत्र दिवस पर पर शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उपायुक्त हिमांशु मोहन ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उपायुक्त ने अपने संबोधिन में जिले में किये जा रहे कार्यों में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की जानकारी दी। परेड में अव्वल रही टुकड़ियों को पुरस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह के दौरान परेड में अव्वल रही टुकड़ियों को प्रशस्ती पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। परेड में प्रथम स्थान महिला आईआरबी-4, द्वितीय स्थान महिला डीएपी जिला बल एवं तृतीय स्थान सीआरपीएफ ने प्राप्त किया, जिन्हें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विद्यायक, लातेहार, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई झांकियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली झांकियों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। डीआरडीए विभाग को प्रथम पुरस्कार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा दर्शाए गए झांकी को द्वितीय एवं कृषि विभाग को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, विधायक बैद्यनाथ राम, पुलिस अधीक्षक अजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता अलोक शिकारी कच्छप आदि उपस्थित थे।

### चंदवा में गणतंत्र दिवस

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ विजय कुमार, खेल स्टेडियम में प्रमुख मनीषा उरांव, थाना परिसर में थाना प्रभारी सुभम कुमार, अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट परिसर में सीपीएल हेड बीसी साहू, अविराम नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज में संस्थान के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती, मदरसा खैरूल उलूम में मौलाना रिजवान दानिश नदवी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर किया गया झंडोत्तोलन

**बालूमाथ/बारियातु।** प्रखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। बालूमाथ डीएसपी कार्यालय में डीएसपी दिलु लोहरा, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख ममता देवी, बालूमाथ पुलिस अंचल कार्यालय में पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, थाना में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, प्लस टू हाई स्कूल में प्रधानाध्यापिका रूबी बानो, राजद कार्यालय में प्रीत लाल यादव, भाजपा कार्यालय में लक्ष्मण कुशवाहा, कांग्रेस कार्यालय में आमीर हयात, झामुमो कार्यालय ऐश्वर्या उरांव झंडोत्तोलन किया। वहीं बारियातु में शुक्रवार को आन बान और शान के साथ तिरंगा फहराया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ नंद कुमार राम, पशु चिकित्सा कार्यालय में डॉ सुशिला बागे, झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय मे बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, प्रिंस भारत गैस एजेंसी कार्यालय मे संचालक मुंशी साव, राम वी परिसर में एचएम अनिता देवी, बीआरसी कार्या में बीपीओ नरेश लाल रवि, उप स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, बारियातु पंचायत सचिवालय में मुखिया सरीता देवी, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, आजसु कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष बिनोद राम, सरस्वती शिशु विधा मंदिर में अध्यक्ष किशोर प्रसाद व प्रधानाध्यापक जितेंद्र राम, सांसद प्रतिनिधि कार्यालय में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मे बीएम इशिदोर तिग्गा, कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार, जामीया इस्लामिया इटके में मौलाना अबु शहमा नदवी आदि उपस्थित रहे।

## बरवाडीह प्रखंड में शान से लहराया तिरंगा

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों शुक्रवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्रखंड परिसर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी प्रेम शंकर मिश्रा के स्मारक पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, बीडीओ राकेश सहाय, जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रमुख सुशीला देवी आदि ने माल्यार्पण किया। इसके उपरांत प्रमुख सुशीला देवी झंडोतोलन किया। डीएसपी कार्यालय में एसडीपीओ दिलु लोहारा, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना परिसर में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयंत लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कार्यालय में जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज में सचिव सह स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने झंडोत्तोलन किया। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में डॉक्टर पवन कुमार, राजद कार्यालय में अध्यक्ष आदित्य यादव, अंबेडकर चौक में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह ने अंचल अमीन झमन सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर लवली कुमारी, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर मनजीत सिंह, पंचायत सचिव लाल राम, शिक्षा विभाग के शशिकांत मंडल आदि को सम्मानित किया।

# अबुआ आवास के चयन में धांधली पंचायत समिति सदस्यों का धरना



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड परिसर पर सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अबुआ आवास में काटे गए योग्य ग्रामीणों का नाम जोड़ने समेत कई मांगों को लेकर धरना दिया। योग्य लाभुकों का नाम काटे जाने से पंचायत समिति सदस्यों में काफी रोष है। प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव ने कहा कि अबुआ आवास चयन में पंचायत सेवक बिचौलियों से मिलकर धांधली कर रहे हैं, बिचौलियों के ईसारे पर प्रखंड के कई योग्य गरीबों का नाम काट दिया गया है। नाम जुड़वाने के लिए ग्रामीण महिलाएं प्रखंड और उपायुक्त कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पंचायती राज एक्ट का उलंघन कर कई योजनाएं पंचायत समिति के बिना अनुमोदन का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों, ग्राम प्रधान ,वार्ड सदस्य, मुखिया का मानदेय तेरह माह से लंबित है। काटे गए योग्य गरीबों का नाम ग्राम सभा मे नहीं जोड़ा गया है। अबुआ आवास में मनमाने तरीके से धांधली कर योग्य गरीबों का नाम काटे जाने से पंचायत समिति सदस्य काफी आक्रोशित हैं।

उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने कहा कि अबुआ आवास में कई योग्य गरीबों का नाम छुट गया साथ ही आवास की सूची से हटाए गए योग्य गरीबों के संबंध में जानकारी भी नहीं दी जा रही है। पंसस अयुब खान ने कहा है कि अबुआ आवास चयन में धांधली कर दिब्यांग, विधवा और योग्य गरीबों का नाम हटाना काफी अफसोसजनक है।

थरना के माध्यम से छुटे हुए योग्य गरीबों का नाम अबुआ आवास सूची में जोड़ने, प्रखंड में चल रहे योजनाओं का संचालन पंचायत समिति के बिना अनुमोदन के नहीं करने, पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय जो कि 26 जुलाई 2023 से बकाया है। उसका भुगतान करने, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, जाती आवासीय प्रमाणपत्र ससमय निर्गत करने की मांग शामिल है। धरने में शामिल प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, बलकु मुंडा, नीलम देवी, मनीता देवी, तारा देवी, शंकर गंझु, मनोहर भगत, अनुरोध कुजूर, बुधन गंझु, लीलामनी कुमारी, सुशीला टोपनो, संगीता देवी, रिंकी उरांव, सुनीता देवी, अनिता देवी, गीता देवी, अशोक भुइंया, लीलावती देवी, राजू उरांव, शिकेश्वर यादव, नागेश्वर गंझु, करण लोहरा आदि शामिल थे।

### चयन प्रक्रिया में हो रही गड़बड़ी : मुखिया संघ

प्रखंड मुखिया संघ की बैठक शनिवार को संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न पंचायत के मुखियागण मौजूद थे। बैठक मे सभी मुखिया ने कहा कि प्रखंड कार्यालय मनमाने तरीके से काम कर रहा है। 15वें वित्त ,मनरेगा, अबुआ आवास योजना में मुखिया की अनदेखी की जा रही है। सभी लोगों ने बीडीओ विजय कुमार की कार्यशैली पर भी चिंता जताई है। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि पंचायत से संबंधित विकास कार्यों में मुखिया को मिले अधिकारों का चीरहरण किया जा रहा है। जनता ने उन्हें वोट देकर चुना है जनता के प्रति उनकी जवाबदेही बनती है। लोग तरह तरह के सवाल उनसे पूछ रहे हैं। और दूसरी तरफ प्रखंड के अधिकारी मनमानी पर उतर आए हैं जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# चतरा जिले में शान से लहराया तिरंगा



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
गणतंत्र दिवस पर मुख्य कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। उसके बाद एक के बाद एक प्लाटून द्वारा परेड एवं मुख्यतः स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, नगर पर्षद, जिला समाज कल्याण, जिला आपूर्ति, जिला कल्याण एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं समेत कई अन्य थिम पर आधारित झांकी की प्रस्तुति की गई।

### श्रेष्ठ झांकी पुरस्कृत

**चतरा।** गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम स्थल बेहतर प्रदर्शन करने वाले झाकियों में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के पहल से सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत जांगी ग्राम लक्ष्मणपुर, भेड़ी फॉर्म पर्यटक सह पिकनीक स्पॉट एवं वृहत प्रजन्न परिक्षेत्र का विकास (बकरी शेड स्थानीय चरवाहों के क्षमतावर्धन एवं कौशल विकास एवं आय वृद्धि हेतु पशु उत्पाद (ऊन, दूध मांस इत्यादि) के लिए आधुनिक हाट, बगीचा, चिल्ड्रेन पार्क, एनिमल डिसपेंसरी,का जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य को झांकी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया, जिसेश्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा सराहना करते हुए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कृषि विभाग को दूसरा स्थान व स्वास्थ्य विभाग को मिला तीसरा स्थान।

### प्रखंडों में भी उत्साह

गणतंत्र दिवस परजिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में झंडोत्तोलन किया गया। सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ सन्नी राज ने झंडारोहण किया। पत्थलगडा प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मनीषा कुमारी, थाना में थानेदार सचिन कुमार दास, गिद्धौर थाना में थानेदार गुलाम सरवर ने झंडोत्तोलन किया। इटखोरी प्रखंड कार्यालय में प्रमुख प्रिया कुमारी, गांधी स्मारक में बीडीओ सोमनाथ बंकीरा, इटखोरी पंचायत भवन में मुखिया, थाना में थाना प्रभारी विनोद कुमार यादव ने झंडोत्तोलन किया। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में प्रमुख अनीता यादव, थाना परिसर में थाना प्रभारी गुलाम सरवर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डेन, पंचायत भवनों में मुखिया निर्मला देवी, सरिता देवी, जगदीश यादव, बेबी देवी, समीरा कुमारी, डेगन गंझू आदि ने झंडोतोलन किया। मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो, जिप सदस्य अनीता देवी, समाजसेवी बालेश्वर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क दुघर्टना में बेटे की मौत, मां घायल



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
थाना क्षेत्र के महुआडांड़ मेदिनी नगर मुख्य पथ पर अहीरपुरवा मोड़ के पास ऑल्टो वैन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वाहन चालक की मौत और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के 10 लोग दो गाड़ियों में सवार होकर लातेहार से लोध फॉल घूमने जा रहे थे। इसी दौरान ऑल्टो वैन अनियंत्रित दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वाहन चालक विकास कुमार उर्फ निलेश कुमार (30) लातेहार की मौत हो गई। वहीं साथ में बैठी मृतक की मां गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना की सूचना प्राप्त होने के उपरांत महुआडांड़ एवं स्थानीय ग्रामीण घटना स्थल पर जा पहुंचे। वहीं मृतक के परिजनों का वाहन पीछे से आ रही था। वाहन घटना स्थल पर पहुंची तो वहां पर मौजूद लोगों की मदद से सभी को वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतू रेफर कर दिया गया है। वहीं पुअनी जफर आलम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां का जायजा लिया। इसके उपरांत शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया।

### जंगली वारफेयर स्कूल में हुआ झंडोत्तोलन

**नेतरहाट (महुआडांड़)।** नेतरहाट स्थित जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में धनंजय कुमार सिंह, भापुसे पुलिस उपमहानिरीक्षक सह प्राचार्य जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट द्वारा ध्वजारोहण किया गया। परेड का भी आयोजन किया गया। परेड कमांडर के रूप में रोहित कुमार दुबे, परिचारी प्रवर जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट एवं टुआईसी वरीय अनुदेशक प्रेम बहादुर छेत्री, सीआईएटी स्कूल नेतरहाट, कृष्ण कुमार महतो पुलिस आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को प्रखंड में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक खुरा पंचायत में जिला परिषद के मद से भुवनेश्वर राम के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य की आधारशिला जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के साथ रखी। वहीं छैंचा पंचायत के चापरी मेलाटांड़ से मजुरमरी तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक मद से मुर्गिडीह कब्रिस्तान में शेड व सामुदायिक भवन और बरवाडीह शव दाह गृह के सुंदरीकरण योजना की आधारशिला रखी। मौके पर अनिल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह बिट्टू, शिवानंद तिवारी, दिलीप सिंह यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, प्रिंस प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, अवधेश मेहरा, उपेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।




### उद्योग विभाग
### कार्यालय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग (कैम्प कार्यालय), चतरा

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक मेगा क्रेडिट आउटरीच कैम्प (Mega Credit Outreach Camp) का आयोजन चतरा जिले के विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है। इस मेगा कैम्प में अधिक से अधिक लाभुक आकर इस कैम्प का लाभ उठायें, कैम्प की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रमांक | दिनांक | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.01.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, प्रतापपुर | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 2 | 31.01.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, टंडवा | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 3 | 01.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, ईटखोरी | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 4 | 02.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, गिधौर | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 5 | 03.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, लावालौंग | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 6 | 05.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, मयूरहंड | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 7 | 06.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, पथलगड्डा | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 8 | 07.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, सिमरिया | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 9 | 08.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, कुंदा | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 10 | 09.02.2024 | प्रखण्ड कार्यालय, कान्हाचट्टी | पूर्वाह्न 11:00 बजे से |

नोटः–कैम्प से संबंधित अधिक जानकारी के लिए चतरा जिला के जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड (MMLKUVB) श्री हेमंत केशरी, मोबाईल नम्बर 9304919816 से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

महाप्रबन्धक
जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग

PR 317104 (Industries)23-24*D


# आयोजन

## सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

# शहीदों के परिवारों के साथ बहादुर बिटिया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
गणतंत्र दिवस पर प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मिकी देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, शहीद शक्ति सिंह स्मारक में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने झंडारोहन किया। वहीं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन अनीता कुमारी, स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अवनिश कुमार, मयूरहंड पंचायत सचिवालय में मुखिया मृदुला देवी, पैक्स कार्यालय में अध्यक्ष बीरबल साव, प्लस 2 विद्यालय में प्रधानाध्यापक राजेंद्र दास ने तिरंगे को सलामी दी। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शहीद शक्ति सिंह के पिता संत कुमार सिंह, शहीद प्रदीप महतो के पिता थानु महतो, शहीद अनुपम सिंह के पिता को बीडीओ व थाना प्रभारी ने सम्मानित किया। वहीं हुसिया में कुएं में गिरे चार वर्षीय बालक को बचाने वाली 14 वर्षीय काजल कुमारी को भी बीडीओ ने सम्मानित किया। मौके पर बीपीआरो सतीश कुमार मिश्रा, कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार आदि मौजूद थे। वहीं थाना एकादश बनाम प्रखंड प्रशासन के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, इंटक नेता प्रदीप कुमार सिंह, बीपीओ राजीव कुमार सिंह, संतोष सिन्हा, महेंद्र नायक, आदित्य सिंह आदि उपस्थित थे।



### क्रिकेट मैच का आयोजन

गणतंत्र दिवस पर प्रशासन बनाम पत्रकार एकादस के बीच फैंसी क्रिकेट मैच जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। पत्रकार एकादस ने निर्धारित 12 ओवर में 83 रन बनाए। प्रशासन एकादश ने 10.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम से रितेश आनंद, उप विजेता टीम से सरफराज को दिया गया।

### बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**सिमरिया।** गणतंत्र दिवस पर अनुमंडल मुखयालय स्थित चौक में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर अनुमंडल पदाधिकारी (आइएएस) सनी राज, बीडीओ नीतू सिंह, एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, थाना प्रभारी विवेक कुमार आदि ने माल्यार्पण किया। अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ, पुलिस अनुमंडल कार्यालय में एसडीपीओ, प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सिमरिया थाने में थाना प्रभारी विवेक कुमार झंडोत्तोलन किया।


### कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा
(जिला कार्यक्रमप्रबंधनइकाई, गढ़वा)
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा।
फोन न०:- 06561-222050, 222051 मेल आई०डी० :- cs.garhwa@gmail.com

Tender Notice No. 90(PMU)/2023-24 Date: 25-01-2024

**Very Short Tender Notification**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Garhwainvites separate Technical and Price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for different kinds of Consumables Materials/Equipment Procurement of Lab/Blood Bank diagnostic etc required in DPHL & Blood Bank GARHWA.**

**The blank tender documents with detail conditions can be obtained through website www.garhwa.nic.in and should be submitted through Hand to Hand or speed Post system only. The eligible bidders willing to participate must necessarily are registered.**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contract for different kinds of Machine equipment, Procurement of lab diagnostic Machinery etc required in DPHL & Blood Bank GARHWA. |
| 2 | Time of Completion | As mentioned in Tender Document |
| 3 | Publication of Tender in Website | 26/01/2024 |
| 4 | Date & time for receipt of bid | 27.01.2024 to 05.02.2024 by 1.00 P.M |
| 5 | Date & time of opening of Technical BID | 05.02.2024 by 2.00 P.M |
| 6 | Contact no. of procurement person | 9431103012, 9934725715 |
| 7 | Tender document fee (Non-refundable) | 1,000/- (One Thousand only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum CMO, GARHWA" Payable at GARHWA should be deposited before Submitting tender Documents at DHS Garhwa |
| 8 | Earnest Money Deposit (EMD) | 1,00,000/- (Rs. One lakh only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum CMO, GARHWA" Payable at GARHWA should be deposited before Submitting tender at DHS Garhwa. |

Note-: The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.
**Details of the Tender document can be downloaded from website** www.garhwa.nic.in **The Tenders should be submitted through By Hand to Hand or by Speed Post.**

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer
Garhwa (Jharkhand)

PR 317063 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

## एक नजर

### प्रगतिशील शिक्षक संघ ने प्रोन्नति नियमावली 2024 की प्रतियां जलाकर किया विरोध



**चतरा।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ चतरा जिला के शिक्षकों ने शनिवार को शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के विरोध करते हुए शनिवार को चतरा जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चौराहे पर नियमावली की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष प्रकाश हर्षवर्धन ने विरोध प्रदर्शन कि जानकारी देते हुए बताया कि प्रोन्नति नियमावली का ड्राफ्ट एकतरफा है और समानता के अधिकार का हनन करता है। इस नियमावली से सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों का एक बड़ा वर्ग प्रभावित होता है। संघ महासचिव नीरज सिन्हा के अनुसार जब सभी नवनियुक्त शिक्षकों ने प्रोन्नति की सभी अहर्ता प्राप्त कर ली है तो उस समय नए प्रावधान लाकर शिक्षकों को प्रोन्नती से वंचित करना कहीं से उचित नहीं है। जिला सचिव प्रमोद प्रसाद ने विरोध प्रदर्शन पर कहा कि संघ सभी शिक्षकों के लिए समान अवसर प्रदान करने की मांग करते हुए ड्राफ्ट को खारिज करने की मांग को लेकर विरोध कर रहा है। विरोध प्रदर्शन में रवींद्र राय, दीपक पाण्डेय, वीणा कुमारी, कार्तिक चौबे, छत्तीस प्रसाद यादव, धनंजय कुमार, बलदेव महतो, धीरज कुमार, शेखू सलीम, बिगू साहू समेत कई शिक्षक शामिल थे।

### कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत भेडवा गांव में सत दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। बाद में यज्ञ मंडप में कलश को स्थापित किया गया। इसमें भाजपा नेता सुजीत भारती, बसंत नारायण सिंह, निर्मल सिंह, देवकुमार सिंह, स्थानीय निवासी सुरजदेव सिंह, विनोद सिंह, आशीष सिंह आदि शामिल थे।

### एफपीओ का उद्घाटन



**मयूरहंड।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप शनिवार को मयूरहंड फीड प्रडयूशर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित एफपीओ का उद्घाटन बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने किया। मौके पर एफपीओ के प्रखंड समन्वयक सुभाष केशरी, रणधीर सिंह, दिलिप पांडेय, सुबोध सिंह, दिलीप केशरी, महराज यादव, संतोष यादव समेत किसान उपस्थित थे।

## लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्टेडियम में मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया झंडोत्तोलन, परेड का निरीक्षण भी किया, कहा

# अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने को प्रयत्नशील

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

75वें गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित किया गया। झंडोत्तोलन मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया। मंत्री और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली।

मौके पर मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सम्पूर्ण भारत वासियों के लिए अमिट गौरव की अनुभूति का अवसर है। गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर मैं स्वतंत्रता सेनानियों एवं भारत के वीर सपूतों को शत-शत नमन करता हूँ, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भारत की स्वतंत्रता लड़ाई में हमारे झारखण्ड राज्य एवं लोहरदगा जिला के स्वतंत्रता सेनानियों ने भी अपनी कुबार्नी दी है। उन्हें भी मेरा शत शत नमन है। इसके बाद उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से जनता को रूबरू कराया। कहा कि ह्लआपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत कुल प्राप्त





86275 आवेदनों के विरूद्ध 29026 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है तथा शेष मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। राशन कार्ड - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (लाल+पीला राशन कार्ड) अन्तर्गत 4,29,450 लाभुक एवं हरा कार्ड अन्तर्गत 25,990 लाभुक को प्रत्येक माह चावल, गेहूं, नमक एवं किरासन तेल उपलब्ध कराया जा रहा है। चना दाल वितरण योजना 15 नवम्बर 2023 से लागू किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आच्छादित परिवारों को 1/-रू० की दर से प्रति लाभुक 1 किलोग्राम उपलब्ध कराया जा रहा है।

**आदिम जनजाति डाकिया योजना :** आच्छादित परिवारों के 2939 लाभुकों को 35 किलोग्राम 665 अनाज निःशुल्क उनके निवास स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारी सरकार ने उर्दू भाषा के सहायक आचार्य के लिए 7232 पदों की स्वीकृति दी है। यह अल्पसंख्यकों को अपनी मौलिक शिक्षा दिलाने में हमारी सरकार के स्तर से उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। सदर अस्पताल परिसर में 12 शय्या का रठउव स्थापित एवं संचालित है। नदिया ग्राम में 100 बेड का आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त अस्पताल निमार्णाधीन है इसके पूर्ण होने पर लोहरदगा वासियों को चिकित्सा हेतू जिले में ही बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। 105 कब्रिस्तान घेराबन्दी का कार्य प्रगति में है जिसके विरूद्ध 31 योजना पूर्ण कर ली गई है। 27 धुमकुडिया भवन एवं 04 आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। लोहरदगा समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 12 कोर्ट भवन के निर्माण कार्य प्रगति पर है। अनुमंडल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने हेतु सतत प्रयत्नशील है। वहीं गणतंत्र दिवस के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय परिसर, नवोदय विद्यालय जोगना और उपायुक्त आवास, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर व पुलिस लाइन, लोहरदगा में, जिला परिषद अध्यक्ष, लोहरदगा द्वारा जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा में, उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीआडीए कार्यालय के प्रांगण, केंद्रीय विद्यालय बरही और उप विकास आयुक्त आवास में, अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा एसडीओ ऑफिस में किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा में झंडोत्तोलन किया गया। समारोह से पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, प्रोबेशन आईपीएस ऑफिसर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, नगर परिषद प्रशासक समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया।

## यौन अपराधों में गंभीरतापूर्वक अनुसंधान आवश्यक, समय का भी रखें ध्यान : पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के मार्गदर्शन में दिन शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी, सदर अस्पताल के डाक्टर, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, एसपी हारिश बिन जमां, फैमली जज श्री सुभाष, पोक्सो स्पेशल जज श्री अखिलेश कुमार तिवारी, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार और जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन भाषण में डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे ने डीएलएसए के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की तारीफ की और प्रतिभागियों को ज्यादा ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागी ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों को पूछ कर शंकाओं को खत्म करें ताकि अधिनियम को सही ढंग से लागू किया जा सके ।

कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट, अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो




एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को सफलतापूर्वक रोका जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल ने पोक्सो एक्ट के तहत बालकों- बालिकाओं की स्थिति एवं जूविनाइल जस्टिस एक्ट के तहत बालकों के संरक्षण संबंधी विभिन्न प्रावधानों को बताया। जबकि प्रोबेशन ऑफीसर अनुराग मेराज टोप्पो ने एसआई रिपोर्ट एवं बच्चों एवं उसके माता-पिता के काउंसलिंग के महत्व को बताया। इस मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ शंभू नाथ चौधरी ने कहा कि चिकित्सक अपने जांच में पोक्सो के हर बिंदुओं पर गंभीरता से जांचने और समझने की आवश्यकता है। क्योंकि इस परिस्थिति में पीड़िता और उनके परिवार के मन में भय व्याप्त रहता है, जिसे चिकित्सक सावधानी पूर्वक दूर कर सकते हैं। मेडिकल के दौरान उन सभी बिंदुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो पीड़िता को न्याय दिलाने में सहायक साबित हो। पूरे कार्यक्रम के दौरान पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल और एसपी हारिश बिन जमां सहित न्यायिक पदाधिकारीगण मौजुद रहे। और प्रशिक्षण में आए पुलिस कर्मियों और चिकित्सक के संदेह और सवाल को क्लियर किया ताकि पोक्सो एक्ट और जेजे एक्ट में पीड़िता को न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जिला जज श्री अरविंद कुमार, सीजेएम डॉ चंदन, सीनियर सिविल जज अर्चना कुमारी, पीएम जेजेबी पूजा कुमारी लाल, सचिव डीएलएसए राजेश कुमार, प्रशिक्षु आईपीएस बेदांत शंकर डीएस डॉ शंभू नाथ चौधरी और डॉ दिप्ती मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव ने किया।

## आइटीडीए की झांकी ने हासिल किया प्रथम पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गणतंत्र दिवस, 2024 के अवसर पर बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में लोहरदगा जिला के आइटीडीए (कल्याण), शिक्षा, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, परिवहन, कृषि, स्वास्थ्य विभाग, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, स्काउट एवं गाईड के द्वारा विभिन्न विषयों पर झांकी प्रदर्शित की गई। इसमें आइटीडीए (कल्याण) विभाग की ओर से जनजातीय लोगों की वेशभूषा, जीवन-यापन, आजीविका के साधन आदि की प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार समाज कल्याण विभाग की झांकी को दिया गया जिसमें प्रदर्शनी में बाल-विवाह की रोकथाम और



गर्भवती महिला हेतु बेहतर पोषण के लिए आहार की जानकारी दी गयी। तृतीय पुरस्कार शिक्षा विभाग को दिया गया। उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों जगनंदन पौराणिक उर्फ जयनन्दन सिंह, रामनन्दन साहू, राकेश कुमार सिन्हा, फिरोज शाह, संजय कुमार बर्म्मन, साजिद अहमद व जगमनी भगत को सांकेतिक रूप से शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला की ओर से खेलने वाले ताईक्वांडो खिलाड़ी वंदना उरांव, कराटे खिलाड़ी ऐश्वर्या साहू, क्रिकेट खिलाड़ी अभिषेक लहरी, फुटबॉल खिलाड़ी श्रवण उरांव और सीता कुमारी साहू (साइक्लिंग) को स्मृति चिह्न, मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। परेड में बेहतर करने वाली टुकड़ी को भी सम्मानित किया गया। मौके पर कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल में 18 कंप्यूटर सेट चोरी

**लोहरदगा।** गत 25 जनवरी की रात एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के कंप्यूटर लैब में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां बच्चों को न सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान अपितु उनका सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व व्यक्तित्व का समुचित विकास किया जाता है। विद्यालय में कई प्रयोगशालाएं भी होती है जिनमें विद्यार्थी प्रयोग कर प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करते हैं। वर्तमान युग में कंप्यूटर प्रयोगशाला विद्यालय का एक अहम हिस्सा होता है जिसके बिना विद्यार्थियों की शिक्षा अधूरी है। 25 जनवरी की रात लगभग 11:30 बजे 8 से 10 नकाबपोश चोरों के गिरोह ने विद्यालय में प्रवेश कर सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरे को नष्ट किया तथा लगभग 30 कंप्यूटर व प्रोजेक्टर से सुसज्जित कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर लैब में रखी 18 कंप्यूटर सीपीयू सहित व प्रोजेक्टर की चोरी कर विद्यालय व विद्यार्थियों को घोर क्षति पहुंचाई। विद्यालय परिवार इस घटना से हुए विद्यार्थियों व समाज के नुकसान से शोकमग्न है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के सेन्हा वन डिपू के समीप देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक सवार को गंभीर चोटें आई है। वहीं घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को देते हुए घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल युवक का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त स्कूटी को जब्त कर थाना लाया गया तथा पुलिस प्रशासन द्वारा अग्रतर कार्रवाई जारी है।

**कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा**
**(राजस्व शाखा)**
Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा नव निर्मित खादगढ़ा (मिल्लत कॉलोनी) स्थित दुकान {PR316171/Lohardaga23-24(D)} आवंटन संबंधी प्रकाशित आम सूचना जिसमें आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 27.01.2024 तक थी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

प्रशासक,
PR 317127 Lohardaga(23-24)#D नगर परिषद, लोहरदगा

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला विकास शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) 2nd Call**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए DMFT मद से Growth Monitoring Device क्रय किया जाना है। उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी ls इच्छा की अभिव्यक्ति(Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला विकास शाखा, कोडरमा में किया जायेगा। Growth Monitoring Device क्रय किये जाने निमित आवश्यक कार्य/Specification सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला विकास शाखा, कोडरमा में दिनांक–05/02/2024 को 12:00 बजे मध्यान तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–05/02/2024 को 04:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।
नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.317068 District(23-24):D
उपायुक्त, कोडरमा।

## पहल: त्रिवेणी टायनी टास्क व त्रिवेणी कान्वेंट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# मन को उत्साहित बनाए रखते हैं खेलकूद : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

गणतंत्र दिवस पर त्रिवेणी टायनी टास्क और त्रिवेणी कान्वेंट में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ टायनी टास्क के अध्यक्ष भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने झंडोतोलन कर किया। कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम टायनी टास्क के एडमिनिस्ट्रेटर मिस्टर रघुवीर शर्मा की देखरेख में किया गया। विशिष्ट अतिथि लोहरदगा के (डी डी सी) जिला विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, मुख्य अतिथि ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन मिस्टर प्रवीण कुमार सिंह, टायनी टास्क के अध्यक्ष अजातशत्रु और जानवी सिंह और ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्रचार्य मिस्टर शंकर झा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में 800 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही सभी बच्चों के अभिभावक गण भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ चारों हाउस के क्रमशः



प्रगति हाउस, विवेक हाउस, एकता हाउस और संस्कार हाउस के कैप्टनों ने ध्वज मार्च करके किया। बच्चों ने अनेक खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जैसे - बैलून रेस, बोरा रेस, गेंद फेंक प्रतियोगिता, अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रतियोगिता, बैलून बचाओ प्रतियोगिता, बैलून फोड़ने की प्रतियोगिता, बिखरे गेंदों को समेटने की प्रतियोगिता, पानीपुरी खाने की प्रतियोगिता, हैंडबॉल प्रतियोगिता, रिले रेस, खो-खो, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आए प्रथम और द्वितीय छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। बच्चों ने अनेक मनमोहक नृत्य - पंजाबी नृत्य, बॉलीवुड नृत्य, गुजराती नृत्य, अराबिक नृत्य और ड्रिल प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। जीवन में सफलता के लिए शरीर का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। अस्वस्थ व्यक्ति हमेशा कमजोरी महसूस करता है और वह अपना आत्मविश्वास खो देता है। इसलिए वह बहुत सुस्त और सक्रिय हो जाता है। आप लोग पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़े और अपना तथा अपने माता-पिता, विद्यालय गुरुजनों का नाम बढ़ाएं। ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वार्षिक खेलकूद के आयोजन से छात्रों को जो खेल पसंद हैं उसे सीखने और खेलने का मौका मिलता है। छात्रों की मदद के लिए खेल प्रशिक्षक होते हैं। शैक्षिक सत्र के अंत में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। सभी विजेताओं को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया जाता है। हर व्यक्ति को स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ जीवन ही मानव जीवन की सफलता की कुंजी है। स्वस्थ रहने के लिए खेलना कूदना जरूरी है। खेलकूद के माध्यम से शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। इसीलिए सभी लोगों के जीवन में चाहे वह विद्यार्थी हो या अन्य लोग खेलकूद का होना अधिक महत्वपूर्ण है। डायरेक्टर रघुवीर शर्मा ने बच्चों को बधाइयां दी। कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**कार्यपालक अभियंता कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना/2023–24 4th Call**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 02.02.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.02.2024 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड। : (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। : (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिसई कुम्हार मोड़ से घाघरा वाया सहेजाना कोडेदाग पथ पर के 8वें कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण पुल का पहुँच पथ का कार्य एवं विभिन्न पथाशों में ब्तनी ठंततपमत कार्य। | 50.00 | 100000 | 5000.00 | 45 कंले |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
(4) निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने के पूर्व निविदा शर्तो के अनुरूप सभी अभिलेखो की सत्यापित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा निविदा अमान्य करते हुए निविदा प्रकिया बाधित करने का कृत मानते हुए संवेदक निबंधन नियमावली 2008 के संगत प्रावधानो के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
PR.NO.317130 Road(23-24):D
कार्यपालक अभियन्ता, प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल, गुमला।

## कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा (राजस्व शाखा)

Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

### आम सूचना

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा नव निर्मित कचहरी मोड़ स्थित दुकान {PR316173/Lohardaga23-24(D)} आवंटन संबंधी प्रकाशित आम सूचना जिसमें आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 27.01.2024 तक थी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

प्रशासक,
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 317124 (Lohardaga)23-24*D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

### सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त –सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद संख्या–31/2023–24 राज्य बनाम दिनेश प्रसाद गुप्ता में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–07 के तहत जब्त 277 बैग चावल एवं 55 बैग गेहूं का Auction Sale (नीलामी बिक्री) द्वारा किया जाना है। उक्त सामग्री के क्रय हेतु ईच्छुक क्रेता दिनांक 02.02.2024 (शुक्रवार) के अपराह्न 01:30 बजे जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय प्रकोशठ में उपस्थित होकर निलामी बिक्री में भाग ले सकते हैं। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 से संबंधित कागजात लाना अनिवार्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.317061 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D

## समाहरणालय,गढ़वा (जिला जन-सम्पर्क कार्यालय)

### आम सूचना

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिनांक– 28.01.2024 एवं दिनांक– 04.02.2024 को संयुक्त सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा– 2023 का आयोजन जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। शांतिपूर्ण, पारदर्शी व कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजन को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र से किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार की सूचना प्राप्त होती है, तो सम्बद्ध/संलग्न व्यक्ति के खिलाफ **झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023** के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट समस्त अपराध संज्ञेय, गैर–जमानतीय और गैर–शमनीय (non compoundable) होंगे।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 317072 IPRD(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 95/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–25.01.2024

### शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या No.–RDD/SD/CHATRA/32/2023-24 में वर्णित सभी कार्य जिसका PR No. 315861 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में Date of Publication of Tender on Website 20.01.2024 (11:00AM) के स्थान पर 30.01.2024 (11:00AM), कंडिका क्रमांक 03 में Start Date/time for Online Submission of bid 20.01.2024 (11:00AM) के स्थान पर 30.01.2024 (11:00AM), Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids 27.01.2024 (17:00PM) के स्थान पर 06.02.2024 (17:00PM), तथा कंडिका क्रमांक 5 में Technical Bid Opening Date and Time 29.01.2024 (02:00PM) के स्थान पर 08.02.2024 (02:00PM) पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.317067 Rural Development(23-24):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### आम सूचना

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत DAY-NULMकेSEP (Self Employment Program) घटक के तहत् कुल 298 लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा प्रतिलाभार्थी प्रतिदिन 385/– रूपये प्रशिक्षण व्यय किया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि दिनांक 30.01.2024 को कार्यालय अवधि तक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पुर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेगें।

**शर्तें:–**

1. एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2- Entrepreneurship Development/Training etc. का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3. अनुभव प्रमाण पत्र/ट्रेनिंग सर्टिफिकेट देय होगा।
4. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत् ट्रेनर को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए क्लास रूम (हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रत्येक बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationery Kit(पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चार्टपेपर, स्केचपेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवथा करनी होगी।
8. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक बैच में अधिकत्तम 40–45 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9. एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अघोहस्ताक्षरी का होगा।
10. एजेंसी/एन0जी0ओ0 के चयन हेतु उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त 30.01.2024 तक कार्यालय में प्राप्त दस्तावेज एजेंसी/एन0जी0ओ0 के द्वारा PPT Presentation दिनांक 02.02.2024 को किया जाएगा एवं उसके उपरान्त चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 317138 (District) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, गढ़वा

### प्रेस विज्ञप्ति

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गढ़वा द्वारा "रोजगार आपके द्वार" के तहत दिनांक–02 फरवरी 2024 दिन–शुक्रवार, स्थान–शंकर प्रताप देव, इण्टर कॉलेज, नगरउन्टारी, गढ़वा के प्रांगण में समय–10.30 पूर्वाहन् से 04.00 अपराहन् तक एक दिवसीय दत्तोपंत ठेगड़ी रोजगार मेला–2024 का आयोजन किया जा रहा है, श्री नीरज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा बताया गया की इस रोजगार मेला में कुल–10 से अधिक अलग–अलग सेक्टर के निजी कम्पनियां/संस्थानों के द्वारा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियां उपलब्ध कराते हुए मेले में भाग लेने की सहमति प्रदान किए है। इस मेले में विभिन्न पदों हेतु चयन एवं शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। आयोजित मेला में भाग लेने हेतु आवेदकों को जिला नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है, जिनका निबंधन नहीं है वे अपना निबंधन जिला नियोजन कार्यालय में आकर अथवा विभाग के अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov पर जा कर स्वंय कर सकते हैं।

श्री नीरज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा ने जिले के तमाम बेरोजगार युवक/युवतियों से अपील की है की शंकर प्रताप देव, इण्टर कॉलेज, नगरउन्टारी, गढ़वा में आयोजित रोजगार मेला के सुनहरे अवसर का लाभ आवश्य उठावें।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 317150 (Labour Employment and Traning)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**संख्या – 10/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 06.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00बजे अपराहन तक।<br>(क)कार्यपालक अभियंता,ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,गुमला।<br>(ख) सहायक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1।<br>(ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान। | :– | दिनांक 07.02.2024 को 3.00 बजे अपराहन तक।<br>जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | :– | दिनांक 07.02.2024 को 4.00 बजे अपराहन में।<br>कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला। |
| 5 | कार्य मद | :– | Critical Gap |
| 6 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बसिया | पंचायत पोकटा अंतर्गत ग्राम रामजड़ी डुमरटोली में मोरम पथ से डुमरटोली बस्ती तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। (पार्ट–ए) | 2482200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 2 | गुमला | ग्राम डीपाटोली पंचायत फसिया प्रखण्ड–गुमला में किशोर उराँव के घर से लेकर समीर कुजूर के घर तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1981300.00 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 3 | गुमला | ग्राम टुकूटोली पंचायत अरमई प्रखण्ड गुमला में सूरज राम के घर से लेकर भिन्सेंट खाखा के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। (पार्ट–बी) | 1386000.00 | 28000.00 | 2500.00 | 3 माह | प्रथम |
| 4 | गुमला | ग्राम दाउदनगर पंचायत पुग्गू प्रखण्ड गुमला में मरियाना कुजूर के घर से लेकर लकड़ा के घर तक 1200 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 2486800.00 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 5 | रायडीह | ग्राम बाकसपुर पंचायत सिलम प्रखण्ड रायडीह में काला रोड से अशोक लकड़ा के घर से लेकर लकड़ा के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 1772200.00 | 36000.00 | 5000.00 | 3 माह | प्रथम |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
   परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2- S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) देना अनिवार्य होगा।
3. निविदा संबंधित सभी कागजात स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पीन कोड– 835207 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा संबंधित सभी कागजात निर्धारित तिथि एवं समय (30.01.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 317082 Rural Work Department(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग
## कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)

### E- Tender Notice

Short Tender Notice No – UDHD/HNP/02/2023-24, Dated- 17.01.2024

The Under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procuremet from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का राषि | अग्रधन की राषि 2: | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/02/01 | वार्ड सं0– 09 में गुप्ता पासवान के घर से अररूआकला चौक होते हुए मस्जिद तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 1148427.00 | 1148427 | 23000 | 5000 | 2 माह | षहरी परिवहन मद |
| 2 | UDD/HNP/02/02 | वार्ड सं0– 14 में चातर पर से छोटी पहाड़ी तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2136636.00 | 2136636 | 42800 | 5000 | 2 माह | षहरी परिवहन मद |
| 3 | UDD/HNP/02/03 | वार्ड सं0– 05 में मुन्ना शर्मा के घर से बालिका उच्च विद्यालय के पीछे से महाविर मंदिर तक पटिया सहित नाली का निर्माण। | 1293300.00 | 1293300 | 25900 | 5000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 4 | UDD/HNP/02/04 | वार्ड सं0– 01 अंसारी बिगहा मस्जिद के सामने से क्यामुदीन अंसारी के घर होते हुए बिहार बॉर्डर तक पटिया सहित नाली का निर्माण। | 1108700.00 | 1108700 | 22200 | 5000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 5 | UDD/HNP/02/05 | वार्ड सं0– 03 में श्यामसुन्दर यादव के घर से खरवन उप स्वास्थ्य केन्द्र तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 1803400.00 | 1803400 | 36100 | 5000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 6 | UDD/HNP/02/06 | वार्ड सं0– 11 में समतवा टांड़ी से पैक्स गोदाम होते हुए नउवा के बांध तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 2076300.00 | 2076300 | 41600 | 5000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 7 | UDD/HNP/02/07 | वार्ड सं0– 02 में NH98 से जानु चौधरी के घर होते हुए कृपाल मेहता सियरभुका REO रोड तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 1920722.00 | 1920722 | 38500 | 5000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 8 | UDD/HNP/02/08 | वार्ड सं0– 16 में ब्रहा स्थान के पास दषगात्री शेड का निर्माण। | 267844.00 | 267844 | 5400 | 1000 | 2 माह | नागरिक सुविधा मद |

Note : Updated estimated cost should be consdered for earnet Money.

2. Period of availability of tenders online date & time bidding on-line last date of seeking elarification of opening of tender papers are as give below:

| Sl.No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date&time of opening bid |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1 | Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Officer of Executive officer. Nagar Panchayat Hariharganj | Date- 29.01.2024 Time 10:00 A.M | Date- 12.02.2024 Time 10:00 A.M | Date- 16.02.2024 Time 10:00 A.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के कम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागु रहेगा।
6. Helpline Number of E- Procurement cell- 6206017735, 9835305521
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department. Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Note : . विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्ते को UDHD के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 317107 (District)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

### ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/34/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड–पत्थलगड्डा, पंचायत–पत्थलगड्डा, ग्राम–पत्थलगड्डा में प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय पत्थलगड्डा में बाउण्ड्रीवाल का कार्य। | 23,98,506.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 02 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि **–03.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**03.02.2024** से दिनांक–**10.02.2024** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **12.02.2024** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 317146 (Rural Development) 23-24 (D)

## e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT] BUILDING DIVISION GUMLA

### Notice Inviting Tender,(Very Short Notice) 2nd call, ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-02BCD/GUMLA/2023-24 Date:-18-01-2024

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Health Sub Centre **Laphu,** Block-Bishunpur, Dist-Gumla | 55,47,000.00 | 6 महिने |
| 2 | Construction of Health Sub Centre **Sikri(Dumri),** Block-Ghaghra, Dist-Gumla | 55,47,000.00 | 6 महिने |
| 3 | Construction of Health Sub Centre **Pojenga,** Block-Palkot, Dist-Gumla | 55,47,000.00 | 6 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.02.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 07.02.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 08.02.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of theExecutive Engineer, Building Construction Department Building Division,Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inij किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Gumla

PR 317070 Building(23-24)#D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 38 वर्ष 2023–24

पत्रांक :– 111 / गुमला, दिनांक :– 27/01/2024.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 06.02.2024 को (10:00 बजे पूर्वाहण से 1:00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 07.02.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 07.02..2024 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदादाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यू प्राथमिक विद्यालय बंधटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–अमलिया प्रखण्ड–भरनों जिला गुमला<br>राजकीयकृत उत्कमित मध्य विद्यालय कुसुमबाहा में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–मारासिल्ली प्रखण्ड–भरनों जिला गुमला | भरनो<br>भरनो | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 2 | न्यू प्राथमिक विद्यालय पिरहापथ में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत– डोम्बा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला<br>उत्कमित मध्य विद्यालय लंगड़टाड़ में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–नरमा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला<br>उत्कमित बालिका मध्य विद्यालय ओरया में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–चिरोडीह प्रखण्ड– विशुनपुर जिला गुमला | विशुनपुर | Untied fund | 858900.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 3 | न्यू प्राथमिक विद्यालय ठेकराटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–उमड़ा प्रखण्ड–पालकोट जिला गुमला<br>बालिका प्राथमिक विद्यालय चिरोटांड में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–कुलुकेरा प्रखण्ड– पालकोट जिला गुमला | पालकोट | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 4 | प्राथमिक बालिका विद्यालय हरनाखाड़ में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–आंजन प्रखण्ड– गुमला जिला गुमला<br>बलिका प्राथमिक विद्यालय गुमला(HRA) में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–गुमला प्रखण्ड– गुमला जिला गुमला | गुमला | Untied fund | 572600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 5 | न्यू प्राथमिक विद्यालय निधियाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–चपका प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला<br>बालिका प्राथमिक विद्यालय बुरहु में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बेलागड़ा प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला | घाघरा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 6 | न्यू प्राथमिक विद्यालय पिठवरटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–देवाकी प्रखण्ड–घाघरा जिला गुमला<br>उत्कमित प्राथमिक विद्यालय चुल्हामाटी में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–सारांगो प्रखण्ड– घाघरा जिला गुमला | घाघरा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 7 | हरो टिनटांगर में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बेंदोरा प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला<br>उत्कमित बालिका मध्य विद्यालय ओरामार में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–बामदा प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला<br>उत्कमित बालिका प्राथमिक विद्यालय मिरचईपाट में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–करनी प्रखण्ड– डुमरी जिला गुमला। | चैनपुर | Untied fund | 8,58,900.00 | 17,200.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 8 | प्राथमिक विद्यालय कोन्सा सरनाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–कोनसा प्रखण्ड– कामडारा जिला गुमला।<br>उत्कमित विद्यालय तोलंगाटोली में दो यूनिट शौचालय का निर्माण पंचायत–टुरुण्डु प्रखण्ड–कामडारां जिला गुमला | कामडारा | Untied fund | 5,72,600.00 | 11,500.00 | 1250.00 | तीन माह | श्रेणी–04 |
| 9 | उत्कमित उच्च विद्यालय पुलुंग देवीडीह में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण पंचायत– मेराल प्रखण्ड– प0अ0ए0 जारी जिला– गुमला। | प0अ0ए0 जारी | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 10 | प्राथमिक विद्यालय हाकाजंग में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत– घाघरा प्रखण्ड–विशुनपुर जिला गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 11 | बलिका मध्य विद्यालय हाडुप में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माणए पंचायत– सेरका प्रखण्ड–विशुनपुर जिला – गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 12 | उत्कमित बालिका मध्य विद्यालय केचकी में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत–सेरका, प्रखण्ड– विशुनपुर, जिला– गुमला। | विशुनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 13 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पोढ़ा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत रूकी प्रखण्ड– घाघरा जिला– गुमला। | घाघरा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 14 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय जामगांई में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत सरांगो प्रखण्ड– घाघरा जिला– गुमला। | घाघरा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 15 | उत्कमित प्राथमिक विद्यालय कोन्सा सरनाटोली में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, प्रंचायत–कोन्सा प्रखण्ड–कामडारा जिला गुमला। | कामडारा | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 16 | राजकीयकृत उत्कमित उच्च विद्यालय सेमरा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत कोलेंग प्रखण्ड– पालकोट जिला– गुमला। | पालकोट | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 17 | राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय मरदा में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, पंचायत पीबो प्रखण्ड– रायडीह जिला– गुमला। | रायडीह | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 18 | उत्कमित बालिका उच्च विद्यालय तबेला में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण, प्रंचायत–बारडीह प्रखण्ड– चैनपुर जिला गुमला। | चैनपुर | Untied fund | 1984981.00 | 39,700.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 19 | पचायत रामतोल्या अंतर्गत ग्राम महुआटोली में कामढागढा पुल से दोन सीमान तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण, प्रखण्ड कामडारा जिला गुमला। | कामडारा | Untied fund | 2451900.00 | 49,100.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्ते :–

1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपाजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. जो निम्न है:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
   2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR 317078 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

## पुस्तक समीक्षा

# बेचैन राज्य का सुख-झारखंड के राजनीतिक इतिहास का दस्तावेज




■ डॉ० शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय

लेखक श्याम किशोर चौबे की सद्यःप्रकाशित पुस्तक झारखंडः एक बेचैन राज्य का सुख- झारखंड के राजनीतिक इतिहास का जीवंत दस्तावेज है। 247 पृष्ठों की इस पुस्तक को प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक लेखक के संस्मरण पर आधारित दिखती है, जो उन्होंने झारखंड में पत्रकारिता करते हुए देखा और समझा है। इस पुस्तक में उपसंहार और फ्लैशबैक सहित कुल 45 अध्याय हैं। पुस्तक अत्यंत रोचक अंदाज में शुरू हुई है। लेखक ने संविधान सभा में भारत की आजादी के समय पंडित नेहरू के भाषण नियति से साक्षात्कार के तर्ज पर इसके प्रथम अध्याय मध्य रात्रि की प्रसव पीड़ा का पहला वाक्य प्रस्तुत करते हुए लिखा है कि 14 नवंबर को ठीक आधी रात को घड़ी की तीनों सुइयां मिलीं और कैलेंडर में तारीख बदलकर 15 नवंबर हो गई। यह तारीख आजादी की लड़ाई के नायक धरती आबा बिरसा मुंडा का जयंती दिवस है। इसी ऐतिहासिक तारीख 14-15 नवंबर 2000 की ठीक आधी रात को राजभवन के वर्तमान गुलाब उद्यान में चैन की उम्मीद से मजमा जुटा है......। और फिर आगे झारखंड के प्रथम मंत्रिमंडल के गठन का शब्द चित्र। सत्ता के खेल और राज्यपाल की भूमिका का चित्रण। शब्दों के भाव और रेखाचित्र के माध्यम से लेखक ने ऐसा दृश्य उत्पन्न कर दिया है जैसे पाठक अपनी आंखों से राजभवन में झारखंड स्थापना और प्रथम मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह देख रहे हों। ऐसे दृश्य और शब्दों की बाजीगरी पुस्तक के प्रत्येक अध्याय में आदि से अंत तक दिखती है, जो इसे अत्यंत आकर्षक, रोचक और पठनीय बना देती है। शब्द और दृश्य की रोचकता इस प्रकार से बंधती है कि चाव और भाव के साथ उत्सुकता और नई जानकारियों के लिए पाठक पुस्तक को खत्म किये बिना नहीं रह सकता। यह पुस्तक झारखंड के दलों के टकराव, दुराव और गठबंधन की बानगी को प्रस्तुत करते हुए आगे बढ़ती है और प्रत्येक अध्याय एक संदेश छोड़ जाता है कि जिस बलिदान, आशा, आकांक्षा के साथ झारखंड का स्वतंत्र अस्तित्व सामने आया, वह अब भी अधूरा है और महाभारत के समय चक्र की तरह झारखंड यदि जीवंत शरीर है तो उसकी आत्मा 23 साल से मुक्ति की आशा में बेचैन है। उसने जिस किसी से अपने उद्धार की आशा की, उसने उसे और भी बेचैनी दी। इस अर्थ में पुस्तक शत प्रतिशत अपने नामकरण को चरितार्थ करती प्रतीत होती है। श्री चौबे पुस्तक में इसी बेचैनी का हवाला भी देते हैं और अपने अध्यायों में इसका हल ढूंढने की कोशिश करते हुए दिखते हैं। झारखंड के क्षितिज पर राजनीतिक महत्वाकांक्षा और वंशवादी राजनीति के कारण राज्य की जनता के मूल प्रश्न कैसे विभिन्न सरकारों में तिरोहित होते रहे हैं, इसकी बानगी भी यह पुस्तक प्रस्तुत करती है और इसका कारण ढूंढने की कोशिश करती है, परंतु हर ओर निराशा हाथ लगती है। ऐसा लगता है कि झारखंड राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का प्रयोगशाला बन गया हो और इस प्रयोगशाला में सत्ता और व्यापार का ऐसा गंठजोड़ दिखता है कि बेचारी जनता के हाथ बेचैनी और पछतावा के सिवा कुछ भी नहीं आया। विकास के नाम पर लूट, राजनीति के नाम पर गठबंधन, संस्कृति के स्याह तत्व, मेरा- तेरा का खेल- जैसे झारखंड का नसीब बन गया हो। बाहरी- भीतरी और आदिवासी- गैर आदिवासी के कंधे पर बंदूक रखकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को जिस प्रकार से साधने की कोशिश विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा की जाती रही, ऐसे में छली तो यहां की जनता ही जाती रही है।

**(प्राध्यापक, इतिहास विभाग सेंट कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग)**

# स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित


रमेश शर्मा

***स्वाधीनता*** संघर्ष केवल राजनैतिक या सत्ता के लिये ही नहीं होता। वह स्वत्व, स्वाभिमान, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक अस्मिता के लिये भी होता है। इस सिद्धांत के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुर में हुआ था। उनका परिवार आर्यसमाज से जुड़ा था। अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यवसायी उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के विद्वान थे, उन्हें फारसी और उर्दू का भी ज्ञान था। माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के संस्कार लाला लाजपतराय को बचपन से मिले थे। आर्य समाज से संबंधित होने के कारण वे अपनी बात को तथ्य और तर्क के साथ रखना उनके स्वभाव में आ गया था। घर में आध्यात्मिक और धार्मिक पुस्तकों का मानों भंडार था। इनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की और रोहतक तथा हिसार आदि नगरों में वकालत की। वे जहां भी रहे, उन्होंने ऐसी टोलियां बनाईं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का प्रतिकार किया। सामाजिक और वकालत के जीवन में प्रतिकार का यह दायरा और बढ़ा। वे असामाजिक तत्वों के साथ शासकीय कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के साथ किये जाने वाले शोषणपूर्ण व्यवहार का भी खुलकर प्रतिकार करते थे। इससे उनकी ख्याति बढ़ी। इससे वे लोकप्रिय हो गये। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक श्रृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाये और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद ``त्रिदेवों' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने 'लाल, बाल, पाल' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था। इस टोली ने स्वतंत्रता संग्राम में वो नये नये नारे दिये, असहमति और विरोध के स्वर मुखर किये तथा भारतीय समाज में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का अभियान चलाया। इसके चलते इस लाल-बाल-पाल को पूरे देश में भारी समर्थन मिला। स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील 1906 में इसी तिकड़ी ने की थी जिसे बाद में गांधी जी ने अपनाया। ब्रिटेन में तैयार हुए सामान का बहिष्कार और व्यावसायिक संस्थाओं में हड़ताल का यह क्रम 1906 से ही आरंभ हो गया था। लालाजी के विचारों में स्पष्टवादिता थी। वे स्वावलंबन और स्वाधीनता की बात खुलकर करते थे। कांग्रेस में एक समूह ऐसा था जो नागरिक सम्मान और नागरिक अधिकार की बात तो करता था किन्तु स्वाधीनता की बात खुलकर नहीं करता था। इसलिये तब कांग्रेस में दो दल माने गये। एक नरम दल और दूसरा गरम दल। लालाजी गरम दल के नेता थे। वे इसी नाम से लोकप्रिय हुए। लाला लाजपत राय अक्टूबर 1917 में अमेरिका गये, वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में 'इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका' नामक संगठन की स्थापना की। यह संगठन अमेरिका में भारतीय जनों की स्वाधीनता की आवाज उठाने का माध्यम बना। लालाजी तीन साल अमेरिका रहे। उन्होने वहाँ रहने वाले भारतीयों और भारतीय जनों से सद्भाव रखने वाले लोगों को जोड़ा। तीन साल बाद फरवरी 1920 को लाला जी भारत लौटे। वे देशवासियों के महान नायक बन चुके थे।



> **1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाये और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया।**

# कर्पूरी ठाकुर और प्रधानमंत्री मोदी की पारखी नजर


के.विक्रम राव

